''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 15 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 15 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## हरियाणा के सभी पात्र परिवारों को जल्द ही मिलेंगे 100–100 गज़ के प्लाट, मकान बनाने के लिए पैसे भी मिलेंगे

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्रदेश सरकार सभी गरीब परिवारों को जल्द ही आशियाना उपलब्ध कराएगी। इसके लिए हाउसिंग फॉर आल विभाग द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किये जा चुके हैं। प्रदेश के पात्र लोगों को 100–100 वर्ग गज़ के प्लाट आबंटन की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहाँ आयोजित की गई हाउसिंग फॉर आल विभाग की समीक्षा बैठक में यह जानकारी प्रदान की गई। योजना के तहत 100–100 वर्ग गज के प्लॉट शहरों की तर्ज पर सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित विकसित कॉलोनियों में दिए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा 100 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है।

**पेमेंट के लिए लोन की भी हो व्यवस्था**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को फ्लैट या प्लाट आबंटन के लिए दी जाने वाली राशि को बैंकों के माध्यम से फाइनेंस करवाए जाने की सुविधा भी हो ताकि एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था न होने की स्थिति में भी कोई पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे।



बैठक में बताया गया कि योजनाओं के तहत प्रदेश में ऐसे सभी पात्र परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है, जिनके पास अपने स्वयं के घर, घर बनाने के लिए जमीन अथवा फ्लैट नहीं है और जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 5 लाख से अधिक लोगों ने 100 वर्ग गज के प्लॉट के लिए आवेदन किया है और सभी पात्र लाभार्थियों को जल्द ही विभिन्न चरणों में प्लॉट मिलेंगे। इसकी प्रकार, योजना के तहत महाग्राम पंचायतों में 50 वर्ग गज़ के प्लाट आबंटित किये जायेगे। इसी प्रकार, राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के तहत शहरों में रहने वाले वाले लगभग 2.89 लाख से अधिक ऐसे परिवारों द्वारा घर के लिए आवेदन किया गया था, जिनके पास अपना घर नहीं है और जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। इसमें प्लाट के लिए लगभग 1.51 लाख तथा फ्लैट के लिए 1.38 लाख लोगों ने आवेदन किया है। इसमें से 15256 को गत वर्ष प्रोविज़नल अलॉटमेंट लेटर जारी किये जा चुके हैं।

**हाउसिंग बोर्ड के प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़े – मुख्यमंत्री**

बैठक में जानकारी दी गई कि हाउसिंग बोर्ड हरियाणा ने लगभग 80,000 आवंटियों के डेटा के प्रबंधन के लिए प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर को सफलतापूर्वक डिजाइन और विकसित किया है। इससे पहले, संपततियों के सभी रिकॉर्ड भौतिक बहीखातों में एस्टेट मैनेजरों द्वारा मैन्युअल रूप से बनाए रखे जाते थे। आवंटियों को अपने ईएमआई भुगतान करने के बाद इन बहीखातों में अपने विवरण को अपडेट करने के लिए संबंधित एस्टेट मैनेजर के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। इसके अलावा, प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल को जमाबंदी पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के तहत संपततियों के निर्बाध पंजीकरण की सुविधा मिलती है। यह एकीकरण संपतति रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम को परिवार पहचान पत्र के साथ भी लिंक किया जाए ताकि भविष्य में योजनाओं का और बेहतर क्रियान्वयन हो। बैठक में मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण गुप्ता, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, हाउसिंग फॉर आल विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन, महानिदेशक श्री जे गणेशन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक श्री चंद्रशेखर खरे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कबड्डी का खेल हमारे हरियाणा की पहचान है : राजेश नागर

### पलवल के गांव कुशक भवाना में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए मंत्री राजेश नागर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने आज पलवल के गांव भवाना में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि कबड्डी हमारे हरियाणा की पहचान है। कबड्डी एक तरफ हमारे युवाओं को खेल के साथ जोड़कर उनके तन मन को दुरुस्त रखती है। वहीं वह हमारी सांस्कृतिक पहचान को भी अक्षुण रखती है।

उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से आज युवा करियर बना रहा है वहीं नौकरी और पैसे भी कमा रहा है। नागर ने कहा कि हरियाणा की सरकार पूरे देश में सर्वाधिक सर्वाधिक इनाम देने वाली प्रदेश सरकार है। हरियाणा के खिलाड़ी आज देश दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों का



मनोबल बढ़ाया और कहा कि वह खेलों को अपने जीवन में अपनाएं और सभी प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी अपना जीवन खेल में लगाता है वह पूरी तरह से नशे से दूर हो जाता है और उसके अंदर आपसी एकता भाईचारे की भावना भी प्रबल हो जाती है। इस प्रकार हम खेल में शामिल होकर देश को और समाज को एकता के सूत्र में बांध रहे हैं और मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने आयोजकों को भी सुंदर आयोजन पर बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाने पर बल दिया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां खेल, विकास, शिक्षा सभी क्षेत्रों में हम तरक्की के नए सोपान रच रहे हैं। वहीं समाज के हर वर्ग को शासकीय लाभ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर वर्ग की खुशहाली के लिए काम कर रही है। यही कारण है कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नारायण सिंह सैनी की सरकार को चुनकर अपने इरादे जता दिए हैं।

इस अवसर पर दादा रामेश्वर, उमेश पार्षद, सिंगर एम सी स्क्वायर, जयसिंह सरपंच, सुखबीर बैंसला, रघुराज नागर, बुल्ली ठेकेदार, धर्मेंद्र सरपंच, पवन जाखड़ सरपंच, योगेश सरपंच, बल्लू सरपंच, बिट्टू सरपंच, शेर सिंह चेयरमैन, केशव पहलवान, सुभाष पहलवान, धर्मेंद्र वकील, पार्षद महेंद्र भड़ाना, अजब चंदीला, एस डी पोसवाल, रमेश बैंसला, दयानंद नागर व अन्य मौजूद रहे।

## मकर संक्राति पर सराय मार्किट में गरीब व असहाय लोगों को कम्बल बांटे

### माता पिता के आर्दशों पर चलते हुए हर वर्ष कम्बल वितरण करते है : देवेन्द्र अग्रवाल



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** जिस तरह गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने से पुण्य प्राप्त होता है उसी तरह कडकडाती ठडं में गरीबों को गर्म कपड़े बांटने से पुण्य का लाभ प्राप्त होता है यह बात समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) ने सराय मार्किट मे आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि लोगों से कही। इस अवसर पर 151 विधवा,विकलांग,गरीब व बेसहारा लोगों को कम्बल बांटे गए। इस अवसर पर देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) ने कहा कि माता पिता ने हमेशा उन्हें यह संस्कार दिए कि गरीबों की हरसंभव मदद करनी चाहिए ताकि उन्हें किसी चीज की कमी महसूस ना हो और वे जीवन से हार ना मान सकें, इसी कड़ी में वे पिछले कई वर्षो से अपने पिता के आर्दशों पर चलते हुए गरीबों व बेसहारा लोगों को कम्बल व गर्म कपड़े इत्यादि वितरित करते आ रहे है ताकि ठड़ के कारण कोई बीमार या मृत्यु को प्राप्त ना हो सके। उन्होनें कहा कि गरीबों की मदद करने वाले व्यक्ति को भगवान भी अपने चरणों में आश्रय देकर उसके जीवन को सफल बनाता है। इस मौके पर विजय अग्रवाल, जयप्रकाश, चुन्नी लाल, विरेन्द्र यादव, विनोद मंगला, गौतम आदि लोग मौजूद थे।

## आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक मरीजों को विशेष पोषाहार एवं कंबल वितरण

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान–महादान मुहिम के तहत, विक्टोरा ऑटो प्राइवेट लिमिटेड (सेक्टर 20ए, फरीदाबाद) में आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक (टीबी) के मरीजों को विशेष पोषाहार और कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला रेड क्रॉस सोसाइटी और विक्टोरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, एच.एस. बांगा (एमडी, विक्टोरा ऑटो ग्रुप) ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं के योगदान से इस मिशन को पूरा किया जा सकता है।

विशेष अतिथि, अजय सोमवंशी (सीएसआर हेड, विक्टोरा ग्रुप) ने तपेदिक रोग के इलाज की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि यह लाइलाज नहीं है, बशर्ते दवाइयों का नियमित सेवन और सही उपचार किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि विक्टोरा फाउंडेशन, भविष्य में भी जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ सहयोग करेगा। साथ ही, उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा आईएमटी फरीदाबाद में एक क्लिनिक संचालित किया जा रहा है, जहां मात्र



10 रुपये में स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध है।

**टीबी रोग की गंभीरता और बचाव पर चर्चा**

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव, बिजेंद्र सौरोत ने बताया कि तपेदिक एक गंभीर संक्रामक रोग है, लेकिन यह सही समय पर उपचार और पोषक आहार से पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने मरीजों को नियमित जांच और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी।

कार्यक्रम संयोजक, पुरुषोत्तम सैनी ने उपस्थित सभी मरीजों को प्रधानमंत्री के 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की शपथ दिलाई। वहीं, जिला तपेदिक समन्वयक, कुमारी मधु भाटिया ने बताया कि लहसुन, आंवला, और पुदीना जैसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थ टीबी के बैक्टीरिया से लड़ने में सहायक होते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीबी मरीजों को नियमित दवाइयों के साथ संतुलित आहार लेना चाहिए।

प्रताप सिंह सेवानिवृत्त अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि तपेदिक के लक्षणों की पहचान करके तत्काल प्रभाव से इलाज बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी तपेदिक रोगियों को विशेष पोषाहार लेने पर बल दिया तथा खाने में उन फल और सब्जियों को शामिल करें जो कि आपको अंदर से सेहतमंद रखें और शरीर की ताकत बढ़ाए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. एम.पी. सिंह (आजीवन सदस्य, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी) एवं डॉ दुर्गेश (प्रवक्ता नेहरू कॉलेज फरीदाबाद) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विमल खंडेलवाल (संरक्षक), सुशील, रामबरन यादव, ब्रिजमोहन शर्मा, रानी, परवीन और रेड क्रॉस टीम के अन्य सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया।

यह आयोजन समाज के कमजोर वर्गों को सहयोग देने और टीबी उन्मूलन की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ। विक्टोरा फाउंडेशन और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के इस संयुक्त प्रयास से मरीजों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें बेहतर पोषण उपलब्ध कराने का उद्देश्य सफल रहा।

## सामंजस्य और तालमेल के साथ काम करते हुए उन्नत समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं: विपुल गोयल

### मकर संक्रांति पर फरीदाबाद में उत्सवों की धूम



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** मकर संक्रांति के अवसर पर फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस शुभ दिन पर फरीदाबाद के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई और समाज के साथ मिलकर यह पर्व मनाया। विपुल गोयल के सागर सिनेमा स्थित कार्यालय में एक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने सभी के साथ मिलकर त्योहार मनाया और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोग, समाजसेवी, और भाजपा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मकर संक्रांति के महत्व पर जोर देते हुए सामाजिकता और प्रकृति से जुड़े, उत्तरायण सूर्य को समर्पित इस पर्व को मनाया गया।

**कंबल वितरण कार्यक्रम में भी हुए शामिल**

मकर संक्रांति के दिन विपुल गोयल बाटा चौक के निकट एक कंबल वितरण कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को शीत वस्त्र वितरित किए और समाज के हर वर्ग के लिए अपना सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया।

सागर सिनेमा कार्यालय में उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए विपुल गोयल ने उनके सुझाव सुने और तत्काल संबंधित अधिकारियों को इन मुद्दों पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन का ऋण वह हमेशा पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ चुकाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मीडिया से बात करते हुए विपुल गोयल ने कहा, मकर संक्रांति का त्योहार सामाजिकता और आपसी सहयोग का संदेश देता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि हर समय सामंजस्य और तालमेल के साथ काम करते हुए हम एक उन्नत समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विपुल गोयल ने सरकार के 100 दिनों के कामों को जनता तक पहुंचाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। हमारा लक्ष्य नॉनस्टॉप हरियाणा और नॉनस्टॉप फरीदाबाद की नीति पर चलते हुए एक उत्कृष्ट फरीदाबाद का निर्माण करना है। मकर संक्रांति के इन कार्यक्रमों में विपुल गोयल की भागीदारी ने स्थानीय लोगों को उत्साहित किया। बड़ी संख्या में लोगों ने इन आयोजनों में भाग लिया और मिलजुलकर त्योहार मनाया। विपुल गोयल ने यह स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार हर वक्त जनता के लिए समर्पित है और आने वाले समय में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे।

## पंजाबी सेवा समिति द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लबगढ़।** पंजाबी सेवा समिति बल्लबगढ़ द्वारा आयोजित कम्बल एवं गर्म कपड़ो वितरण कार्यक्रम एक सामाजिक पहल है,जो समाज के जरूरतमंदों की सहायता करने केउद्देश्य से किया गया। मकर सक्रांतिके दिन, ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए, बल्लबगढ़ बस अड्डा बाज़ार में सैकड़ों असहाय और जरूरतमंद लोगों को कम्बल और सर्दियों के कपड़े वितरित किए गए। समिति के प्रधान श्री ज्योति छाबड़ा ने बताया कि पंजाबी सेवा समिति हमेशा समाज और देशहितमें कार्यकरने का प्रयास करती है, और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने इसबात परजोर दिया कि ठंड और शीतलहर के बीच जरूरत मंदों को राहत पहुंचाना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर हरियाणा व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के प्रधान प्रेम खट्टर, पंजाबी सेवा समिति के संरक्षक श्यामलाल छाबड़ा, सतीश हंस, उप प्रधान विजय विरमानी, कार्यकारणी सदस्य गौरव विरमानी, अशोक गोसाईं, मुकेश गाबा, सचिन, सतबीर, अशोक कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे और उन्होंने इस पहल को सफल बनाने में योगदान दिया।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# महाकुंभ में यति के कैंप से अयूब पकड़ा गया

## आयुष नाम बताकर अंदर पहुंचा था; महामंडलेश्वर बोले- मुसलमानों की वजह से हिंदू आबादी को खतरा





प्रयागराज। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी के महाकुंभ में कैंप के बाहर से पुलिस ने अयूब नाम के संदिग्ध युवक को पकड़ा है। दावा किया जा रहा है कि वह आयुष नाम बताकर अंदर पहुंचा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मंगलवार तड़के यति नरसिंहानंद गिरी के कमरे के बाहर अखाड़े के संतों ने शक के आधार पर युवक को पकड़ा। पहले वह यति से मिलने के लिए आने की बात कही। अपना नाम आयुष बताया। शक होने पर पुलिस सूचना दी गई। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसका असली नाम अयूब निकला। उधर, महाकुंभ से यति का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- भारत में मुसलमानों की वजह से हिंदू आबादी को खतरा हो रहा है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने कबूला- मेरा नाम अयूब अली है। एटा के अलीगंज का रहने वाला हूं। यहां घूमने आया था। मुझे मालूम नहीं था कि यहां अलाऊ नहीं है। मुझे किसी ने भेजा नहीं है, अकेला आया हूं। दो भाई और तीन बहन हैं। पिता का नाम शाकिर अली है। सोमवार को कानपुर से ट्रेन पर बैठा। फिर गोरखपुर पहुंचा। गोरखपुर से ट्रेन से सोमवार सुबह प्रयागराज पहुंचा।यति नरसिंहानंद ने मीडिया से बातचीत में कहा- मेरी हत्या की साजिश रची जा रही है। गाजियाबाद स्थित डासना मंदिर के बाहर मुस्लिम समुदाय की 10 हजार की भीड़ ने कुछ महीने पहले मेरे मंदिर पर हमला किया। मेरी लगातार रेकी की जा रही है। बेंगलुरु में रहने वाला जुबेर पहले भी धमकी दे चुका है, जिसने मंदिर पर हमला कराया था। हमारी तरफ से इस पर मुकदमा चल रहा है। अब मैं महाकुंभ में हूं। सोमवार रात मैं दूधेश्वरनाथ मठ के शिविर में था। जहां एक युवक मेरी रेकी कर रहा था। मुझे पुलिस के 2 गनर मिले हैं। मेरे कमरे के बाहर एक युवक पर संतों और सुरक्षाकर्मियों को शक हुआ। उन्होंने इस युवक से पूछताछ की तो उसने पहले अपना नाम आयुष बताया। जांच-पड़ताल में पता चला कि वह मुस्लिम है। ऐसे ही लगातार मेरी हत्या के लिए रेकी की जा रही है। हमने रात में ही ऊ्रू महाकुंभ वैभव कृष्ण को पूरी बात बताई। इसके बाद पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। महाकुंभ में मुझे सबसे ज्यादा खतरा है, मेरी कभी भी हत्या हो सकती है। महाकुंभ में यति नरसिंहानंद का बड़ा बयान सामने आया है।

उन्होंने आबादी बढ़ाने के लिए हिंदुओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने की नसीहत दी है। कम से कम 4 से 5 बच्चे पैदा करने की अपील की है। कहा कि मुसलमानों की आबादी तेजी से बढ़ रही है और हिंदुओं की आबादी घट रही है। ऐसे में हिंदुओं को भी परिवार नियोजन छोड़कर ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। यति ने कहा- भारत में मुसलमानों की वजह से हिंदू आबादी को खतरा हो रहा है। यति नरसिंहानंद ने महाकुंभ में संत संवाद कार्यक्रम आयोजित करने का ऐलान किया है। 25 जनवरी को कार्यक्रम की डेट तय की। इसमें तमाम अखाड़े के महामंडलेश्वर और दूसरे संत महात्माओं को बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा- इस कार्यक्रम में सनातन वैदिक राष्ट्र बनाए जाने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। इसी कार्यक्रम में जनसंख्या बढ़ाए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा होगी। यति नरसिंहानंद ने कहा- संत संवाद कार्यक्रम जगदंबा महाकाली डासना वाली का परिवार और यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन संयुक्त रूप से करेगा। यह धर्म संवाद प्रयागराज महाकुंभ से शुरू होकर विश्व के हर देश तक पहुंचेगा और विश्व के सभी गैर मुस्लिमों को इस्लामिक जिहाद से वैचारिक रूप से जूझने के लिए तैयार करेगा। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े का यह प्रयास अभी सनातन धर्म के धर्म गुरुओं के लिए है। जल्दी ही विश्व के सभी गैर मुस्लिम धर्मगुरुओं को इससे जोड़ा जाएगा। यति नरसिंहानंद ने महाकुंभ में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मूर्ति लगाए जाने पर कहा- मुलायम सिंह यादव ने कार सेवकों पर गोली चलवाई थी, लेकिन इसके बावजूद वह हिंदू हैं। ऐसे में अगर उनकी मूर्ति लगाई जाती है तो कम से कम मैं उसका विरोध नहीं करूंगा। बता दें कि महाकुंभ के सेक्टर-16 स्थित एक कैंप में मुलायम सिंह की मूर्ति लगाई गई है।

## महाकुंभ की सबसे सुंदर साध्वी हर्षा रिछारिया




**प्रयागराज** । 13 जनवरी से महाकुंभ की शुरूआत हो चुकी है। 14 जनवरी को मकर संक्राति के दिन भक्तों की भीड़ जुटी. 2 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने डूबकी लगाई। वहीं कुंभ में नाना प्रकार के बाबा आते हैं। भांति-भांति के संत आते हैं। वहीं रील्स की दुनिया में कुंभ से एक और वीडियो साध्वी हर्षा रिछारिया का वायरल हो रहा है। जिसमें गले में रुद्राक्ष और फूलों की माला और ललाट पर तिलक लगाए दिख रही हैं। उन्होंने बताया, मैं उत्तराखंड से हूँ और आचार्य महामंडलेश्वर की शिष्या हूं। अपनी सुंदरता के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैंने जो कुछ भी करने की जरूरत थी, उसे पीछे छोड़ दिया और इस मार्ग को अपनाया। हर्षा ने आगे बताया- भक्ति और ग्लैमर में कोई विरोधाभास नहीं है। उन्होंने अपनी पुरानी तस्वीरों के बारे में भी स्पष्ट किया कि अगर वह चाहती तो उन्हें डिलीट कर सकती थीं, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनका कहना है कि ₹यह मेरी यात्रा है और मैं युवाओं को बताना चाहती हूं कि किसी भी मार्ग से आप भगवान की ओर बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि वे परम पूज्य गुरुदेव से डेढ़ साल पहले मिली थीं, जिन्होंने उन्हें बताया कि भक्ति के साथ-साथ अपने काम को भी संभाला जा सकता है, लेकिन साध्वी बनने के बाद उन्होंने खुद से फैसला लिया कि वे अपने पेशेवर जीवन को छोड़कर पूरी तरह से भक्ति में लीन रहेंगी। उनका मानना है कि इस फैसले से वह पूरी तरह खुश हैं और उनका मार्गदर्शन उन्हें संतुष्टि देता है। महाकुंभ में प्रवेश के दौरान जब साध्वी से उनकी सुंदरता और साध्वी बनने के निर्णय पर सवाल किया। इस पर हर्षा ने जवाब दिया कि मैंने सुकून की तलाश में यह जीवन चुना है। मैंने वह सब छोड़ दिया जो मुझे आकर्षित करता था। मैं सबकुछ छोड़कर ही संन्यास की राह में आई हूं। उन्होंने बताया कि वह उत्तराखंड से हैं और दो साल पहले संन्यास लिया था। मैंने जो कुछ भी करने की जरूरत थी, उसे पीछे छोड़ दिया और इस मार्ग को अपनाया। मैंने आंतरिक शांति के लिए साध्वी का जीवन चुना।₹ उन्होंने आगे बताया कि वह 30 साल की हैं।

## विधायक पीएन पाठक ने वितरित किये कम्बल

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नरसर व धुरिया में विधायक पीएन पाठक ने जरूरतमंदों को निशुल्क कम्बल वितरित किया। मंगलवार को नरसर और जनता इंटर कालेज धुरिया में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को बिना भेद दिलाया जा रहा है। गरीब एवं बचित वर्ग के जीवन में बदलाव लाने के लिए हमारी सरकार ने संकल्प लिया है। नरसर में विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख आशुतोष सिंह बहुगुणा ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी प्रकार की योजना का लाभ मिल रहा है।धुरिया में मुसहर समुदाय के लोगों को हुए कम्बल वितरण में उपजिलाधिकारी न्यायिक अनिल यादव, नायब तहसीलदार शैलेश कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक अजय लाल श्रीवास्तव, लेखपाल शैलेन्द्र कुमार दुबे, लेखपाल अंग ध्वज पासवान, अमीन गंधर्व मणि त्रिपाठी, ग्रामप्रधान विजय बहादुर राय ने सहयोग किया। दोनों कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बाबू राम गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष किन्नरेश चौबे, मण्डल अध्यक्ष आद्या पांडेय, मण्डल अध्यक्ष देहात मण्डल अमरजीत कुशवाहा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, रामायण कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, कुंदन दुबे, प्रदीप कुशवाहा, संजीव दुबे आदि मौजूद रहे।



## रोडवेज बस का संचालन बंद होने से यात्रियों में रोष

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** बनकटा बाजार क्षेत्र और समीपवर्ती बिहार के यात्रियों के लिए 8 सितम्बर को शुरू हुई थी बस सेवा क्षेत्र के बनकटा बाजार से लखनऊ के लिए शुरू की गई बस सेवा बीते दो माह से बन्द हो गयी है। बस सेवा बन्द होने से यात्रियों को गोरखपुर, लखनऊ जाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जनपद के सुदूरवर्ती व बिहार प्रान्त की सीमा पर स्थित बनकटा बाजार से लखनऊ के लिए 8 सितम्बर 2024 को बस सेवा का उद्घाटन ग्राम प्रधान मैनेजर गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया था। प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे यात्रियों को लेकर गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या के रास्ते बस लखनऊ आलमबाग तक जाने लगी। इस बस सेवा के शुरू होने से आस पास के क्षेत्रों और बिहार प्रान्त के लोगों को लखनऊ तक की यात्रा करने में आसानी हो गई। जिससे समय की बचत हो रही थी। नहीं तो लोगों को अपनी यात्रा के लिए फाजिलनगर तमकुहीराज, कसया या गोरखपुर जाना पड़ता था। इधर दो माह से बनकटा बाजार से यह बस चलनी बन्द हो गई है। कुछ लोगों ने बताया कि अब यह बस पड़रौना बस टेशन से लखनऊ के लिए चलाई जा रही है। बनकटा बाजार से बस चलवाने के लिए मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री से लगातार मांग की जा रही थी। तब जाकर यहां से बस चलनी शुरू हुई। अब बस नहीं चलने से लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों मैनेजर,गुप्ता,योगेन्द्र प्रसाद,संजय यादव,नबी रसूल, अभिषेक जयसवाल, अलाउद्दीन, महेंद्र, श्रवण,बिजेंद्र यादव,रजनीश शुक्ला आदि ने बनकटा बाजार से लखनऊ के लिए पुनः बस सेवा शुरू करने की मांग की है। एआरएम जय प्रकाश प्रधान का कहना है कि अभी हमें एक हफ्ता आए हुए हुआ,मेरे संज्ञान में नहीं है कि क्यों बनकटा बाजार से न चलकर पडरौना से चल रही है।






## दलित युवक की हत्या में जातीय रंजिश का मामला

**बरेली** । थाना क्योलडिया क्षेत्र के ग्राम पानबड़िया प्रतीतपुर में दलित युवक लक्ष्मीकांत दिनकर की जातीय रंजिश के चलते हुई निर्मम हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पहले इसे पारिवारिक विवाद बताया गया था, लेकिन अब नया मोड़ सामने आया है। भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट और जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम ने अपनी टीम के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मृतक की पत्नी को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद भीम आर्मी के नेताओं ने थाना प्रभारी क्योलडिया और सीओ नवाबगंज से मिलकर मामले में एससी/एसटी एक्ट की धाराएं जोड़ने, दोषियों को कड़ी सजा और पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजे की मांग की। प्रशासन ने भीम आर्मी को आश्वस्त किया है कि मुकदमे में एससी/एसटी एक्ट की धाराएं जोड़ी जाएंगी और परिवार को जल्द ही आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस दौरान भीम आर्मी के मंडल सह आईटी सेल प्रभारी आफताब अल्वी, जिला उपाध्यक्ष सैम मैसी और जिला सह मीडिया प्रभारी यश राना भी मौजूद रहे। संगठन ने स्पष्ट किया है कि वे न्याय मिलने तक हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेंगे।



# श्रद्धा और उल्लास के साथ मकर संक्रांति उत्सव सम्पन्न

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर। नगर पालिका कसया कुशीनगर स्थित श्री राम जानकी मंदिर मठ पर मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मकर संक्रांति उत्सव मनाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया।**

**मुख्यअतिथि कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने कहा कि हमारी संस्कृति है कि आपस में भाई चारा बनाकर एक दूसरे को सहयोग कर त्योहार को मनाया जाता है। महंत त्रिभुवन शरण दास ने कहा कि मकर संक्रांति सूर्य आराधना का उत्सव है। इस दिन भगवान सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं इसीलिए इस उत्सव का नाम मकर संक्रांति है । इस दिन से सूर्य उत्तरायण होने लगता है। यह प्रकृति का उत्सव है। दिन बड़ा होने लगता है और रात्रि क्रमशः छोटी होती जाती है जिससे शरीर में नव चेतना आती है। आलस्य दूर होने लगता है। इस उत्सव का वर्णन महाभारत में भी है। भीष्म पितामह ने अपना शरीर त्याग उत्तरायण में ही किया था। रामायण में भी इसका वर्णन है ₹मास मकर गत रवि जब हुई तीरथपतिहि आव सब कोई!₹पूर्व प्रवक्ता बुद्ध इंटर कॉलेज इंद्रासन प्रसाद संत ने कहा कि यह उत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक है। दिन बड़ा होने से गर्मी बढ़ने के कारण लोगों में समानता का भाव दिखने लगता है। भूगोलविद सुरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस दिन दान पुण्य करना अच्छा माना जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से संपूर्ण पाप की मुक्ति होती है।**

**० इस मौके पर व्यवस्थापक देवनारायण शरण, नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, मण्डल अध्यक्ष आद्या पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रताप सिंह, अमिय गुप्त, उमेश चंद्र गुप्त गिरिजेश, सुभाष अग्रवाल, सुरेश तिवारी, खुशी कुशवाहा, अंकिता सिंह आदि नगर के लोग उपस्थित रहे।**



## संक्षिप्त डायरी

### डीएम पहल पर जिला जेल के बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के इरादे से इलैक्ट्रिशियन सहित सिलाई की दी जायेगी ट्रेनिंग

**संवाददाता**

**हमीरपुर** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिला जेल में, बन्दियों को रोजगारपरक ट्रेनिंग दिलाकर अपने पैरों पर खड़ा करने के मकसद से हिन्दुस्तान युनीलीवर सुमेरपुर की तरफ से प्रभात योग्यता विकास केन्द्र सुमेरपुर के प्रशिक्षको की तरफ से ट्रेनिंग दिये जाने के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर घनश्याम मीना ने फीता काटने के साथ ही दीप जलाकर जिला जेल में ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरूआत की। इस प्रोग्राम में खासतौर से महिला बंदियो को सिलाई ट्रेड मे ट्रेनिंग दी जायेगी। जबकि ट्रेनिंग पूरी होने के बाद पुरुष बन्दियो को अगले बैच में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के साथ ही सिलाई ट्रेड में ट्रेनिंग दी जायेगी। जबकि ट्रेनिंग प्रोग्राम के इच्छुक बन्दियो को खुद का रोजगार सैल्फ डिफैंस बनाने की दिशा में जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर की देखरेख में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर जेल में बंद गरीब,बेसहारा बन्दियो को सर्दी से बचाव के लिये जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर ने गर्म कपडे, जैकेट, लोअर बांटे गये, इस मौके पर जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर के०पी० चन्दीला, डा० सचिदानंद चिकित्साधिकारी सहित स्टाफ मौजूद रहा।



### रियल स्टेट कारोबारी के बेटे को मारी गोली, कानपुर में बाइक सवारों ने किया फायर



**कानपुर** । पनकी गंगागंज इलाके में दिल दहला देने वाली घटना हुई। सरेआम बाइक सवार बदमाशों ने रियल स्टेट कारोबारी के बेटे पर फायर किया। युवक की किस्मत अच्छी थी कि गोली सिर्फ गले को छूकर निकल गई। घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पनकी पुलिस मौके पर पहुंची। कारोबारी ने आधा दर्जन लोगों पर आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक कुछ संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की जा रही है। गंगागंज पनकी निवासी राजू सिंह रियल स्टेट कारोबारी है। उनके मुताबिक बेटा राहुल सिंह (23) शाम को लगभग चार बजे घर के बाहर खड़ा हुआ था। उसी दौरान उसके बगल से एक मोटरसाइकिल पर दो, एक स्कूटी पर तीन और एक मोटरसाइकिल पर तीन कुल आठ बदमाश निकल गए। वो यू टर्न लेकर दूसरी तरफ से आए और जिस मोटरसाइकिल पर तीन बदमाश बैठे थे उसमें से एक ने फायर झोंका। जो कि बेटे के गले को छूते हुए निकल गया। राजू सिंह के मुताबिक इससे पहले 12 जनवरी को दबंगों ने उनके बेटे को जान से मारने की नियत से रोका था। तब भी बेटा किसी तरह से भाग निकला था। राजू सिंह ने इस मामले में आधा दर्जन लोगों के नाम पुलिस को बताए हैं। पुलिस की जांच में सामने आया है कि रियल स्टेट कारोबारी ने जिन लोगों के नाम बताए हैं उनसे वर्चस्व को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसके अलावा एक युवती के साथ किसी विवाद की भी बात सामने आई है। इंस्पेक्टर पनकी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले में दो तीन लोगों को उठाया गया है उनसे पूछताछ चल रही है। घटना का जल्द खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। वहीं डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने कहा कि घटना कुछ संदिग्ध लग रही है। इस मामले में ठीक से जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जो निशान गर्दन में मिले हैं वो संदेह पैदा करता है।

### 'नागरिक संगम' से वार्डों में होगा समस्याओं का समाधान



**गोंडा।** जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नागरिक संगम कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करना और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम 17 जनवरी से शुरू होकर फरवरी तक चरणबद्ध तरीके से जिले के सभी 10 नगर निकायों में आयोजित होगा। प्रत्येक वार्ड में संवाद सत्र आयोजित कर नगरवासियों की समस्याएं सुनी जाएंगी, और उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक संगम का उद्देश्य वार्डवार जनसंवाद के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुनना, उन्हें सूचीबद्ध करना और निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान करना है। इस कार्यक्रम में नागरिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, जिससे पात्र नागरिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा, ह्ययह कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच पारदर्शिता, विश्वास और संवाद को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। जनसंवाद से प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता देकर समाधान प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, जल निगम, विद्युत, महिला कल्याण, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तत्परता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए ₹नागरिक संगम₹ को सफल बनाएं। जन शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए सभी नगरीय निकायों में विशेष ₹क्विक रेस्पॉन्स टीम₹ का गठन भी किया गया है।

# आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता : एसडीएम

## समाधान शिविर में 6 शिकायतों पर हुई सुनवाई, दो शिकायतों का मौके पर किया समाधान

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला प्रशासन की तरफ से प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर का आयोजन करवाया जा रहा हैं। मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित हुए समाधान शिविर में एसडीएम प्रदीप अहलावत ने लोगों की शिकायतों को सुना व संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में आज कुल 6 शिकायतों पर सुनवाई की गई, जिनमें से मौके पर ही दो शिकायतों का समाधान भी किया गया। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि जिलावासियों की समस्याओं के समाधान में जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर कारगर सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का समाधान होने से




उनमें सरकार व जिला प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। वे सरकार की इस मुहिम से बेहद प्रसन्न नजर आ रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान राज्य सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

एसडीएम प्रदीप अहलावत द्वारा समाधान शिविर में परिवार पहचान-पत्र, विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पेयजल, स्वामित्व रजिस्ट्री सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं सुनी गईं। समाधान शिविरों में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापतति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायतें, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। इस अवसर पर नगराधीश अशोक कुमार, डीएसपी हरेंद्र सिंह, एलडीएम सागर, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी मोनिका सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# लोगों को न्याय से जोड़ने का एक सरल और प्रभावी माध्यम साबित हो रही हेल्पलाइन 15100 : सीजेएम नेहा गुप्ता

## जिला नूंह में प्रभावी रूप से किया जा रहा हेल्पलाइन नंबर- 15100 का क्रियान्वयन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर-15100 का क्रियान्वयन जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह सुशील कुमार के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। इस हेल्पलाइन की देखरेख मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह नेहा गुप्ता द्वारा की जा रही है।

सीजेएम नेहा गुप्ता ने बताया कि न्याय प्रणाली को हर नागरिक के लिए अधिक सुलभ और सुगम बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा



प्राधिकरण की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर-15100 शुरू किया गया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से देशभर के नागरिक किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी या सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए देश के सभी जिलों में इस हेल्पलाइन को लागू किया गया है। किसी भी कानूनी समस्या का सामना कर रहे लोग, चाहे वह किसी भी वर्ग से हों, इस नंबर पर फोन करके निशुल्क कानूनी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल न्याय व्यवस्था को आम जनता तक पहुंचाने और लोगों को उनकी कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए की गई है।

सचिव नेहा गुप्ता ने बताया कि यह सेवा विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं या कानूनी जानकारी प्राप्त करने में असमर्थ हैं। इस हेल्पलाइन नंबर को देश के सभी जिलों में लागू कर दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में भी लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से इसे क्रियानवित किया जा रहा है, जो स्थानीय स्तर पर लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 15100 हेल्पलाइन सेवा लोगों को न्याय से जोड़ने का एक सरल और प्रभावी माध्यम साबित हो रही है, जो बिना किसी जटिल प्रक्रिया के त्वरित कानूनी सलाह और सहायता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में ग्राम छछैडा में हवन यज्ञ किया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मकर संक्रांति के उपलक्ष में ग्राम छछैडा में हवन यज्ञ किया गया। जिसमें आचार्य राजेश ने कहा मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है. यह दिन सिर्फ धार्मिक महत्व नहीं रखता, बल्कि इसका संबंध विज्ञान, कृषि और सामाजिक जीवन से भी है. मकर संक्रांति को नई ऊर्जा, नई फसल, और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है।

हवन में कहा मकर संक्रांति का पर्व पूरे भारतवर्ष में धार्मिक आस्था संस्कृति सभ्यता का प्रतीक है जो हमारे लिए एक अमूल्य धरोहर है भारतवर्ष में त्योहार ही हमारे जीवन में नई ऊर्जा सकारात्मक विचार और संस्कार बार बनाने की प्रेरणा देता है। त्योहारों और संस्कारों का बड़ा महत्व है इस पर हमारे प्राचीन रहस्य और जीवन शैली जुड़ी हुई है। इस दिन दान का स्नान का हवन यज्ञ धार्मिक स्थान, वेद शास्त्र आदि पढ़ने का का बड़ा महत्व है।



# पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन को तलाश कर मालिक को लौटाकर दी खुशी

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** बता दे कि पुलिस चौकी सेक्टर-11 की टीम 13 जनवरी को समय करीब 9.30 बजे पूजा वासी सेक्टर-77 ने एक सूचना दी जिसमें उसने बतलाया कि वह ऑफिस सेक्टर 15 साईं ऑटो कॉम्पोनेंट्स से मिलन मोड सेक्टर 11 फरीदाबाद से होते हुए स्कूटी से घर जा रही थी। उसका मोबाइल फोन पर्स रास्ते में गिर गया फोन पर जिस पर कॉल करने पर कॉल जा रही थी। सूचना के अंतर्गत प्रभारी चौकी



सेक्टर 11 प्रभारी के द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए साइबर सेल बल्लभगढ़ की मदद व तकनीकी से मिलन चौक हाईवे एनएच 2 का पता लगया, तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थिति पर पहुंचकर खड़े एक व्यक्ति राजेश से मोबाइल फोन को पुलिस टीम के द्वारा बरामद किया गया। मोबाइल फोन को शिकायतकर्ता पूजा के हवाले किया। पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए फोन को वापिस लौटाकर खुशी दी। पूजा ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

# साइकिल पर चलने के हैं हजारों लाभ: अशोक वर्मा

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**कुरुक्षेत्र।** नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज कुरुक्षेत्र में रहे और पीपली से विभिन्न सेक्टरों में होते हुए निकले। उन्होंने अनेक स्थानों पर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा एवं श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्राय: लोगों द्वारा उनसे साइकिल पर




चलने का कारण पूछा जाता है तो वे बताते हैं कि साइकिल पर चलने के विभिन्न कारण हैं। सबसे प्रथम स्वास्थ्य लाभ, दूसरा ईंधन की बचत, तीसरा पर्यावरण संरक्षण और प्रदुषण से बचाव और चौथा सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या आदि ये अनेक कारण हैं जो उन्हें साइकिल पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। सबसे अधिक मुख्य कारण यह भी है कि लोग उनकी ओर आकर्षित होकर नशा मुक्त अभियान के बारे में पूछते है और जानकर इस अभियान से जुड़ते भी हैं। डॉ. वर्मा की साइकिल के आगे एक प्लेट लगी रहती है जिस पर नशे के विरुद्ध नारे और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 लिखा है जिस पर कोई व्यक्ति नशा तस्करी में संलिप्त लोगों की गुप्त सूचनाएं दे सकता है।

# साइबर ठगी का शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 और 14444 पर दें तुरंत शिकायत : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

## फेस्टिवल सीजन में सतर्कता से करें ऑनलाइन शॉपिंग

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि आज के समय में ऑनलाइन शॉपिंग का प्रचलन बढ़ गया है। इसी के मद्देनजर ऑनलाइन शॉपिंग करते समय आमजन सतर्क व जागरूक रहकर धोखाधड़ी के शिकार होने से बचें। उन्होंने कहा कि फेस्टिवल सीजन में बंपर डिस्काउंट, लॉटरी और इनाम के लालच में ऑनलाइन ठगी के मामले बढ़ जाते हैं। लोग कई बार लालच में आकर संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर देते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो सकता है।

उन्होंने सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार होने पर तुरंत गृह मंत्रालय द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और 14444 पर कॉल करें और घटना की सूचना दें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अपनी व्यक्तिगत जानकारी



जैसे कि बैंक खाते और पासवर्ड आदि साझा करने से बचना चाहिए। किसी भी प्रकार की अनचाही कॉल, मैसेज या ईमेल से सतर्क रहें और केवल अधिकृत वेबसाइट्स पर ही शॉपिंग करें। पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि सतर्कता और सावधानी ही धोखाधड़ी से बचने का सबसे अच्छा उपाय है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 या 14444 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने जिला के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें।

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 35 प्रतिशत सबसिडी का लाभ उठाएं : उपायुक्त**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 तक सबसिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना क लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म, और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी। अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी पीएमएफएमई योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऋण पूर्ति पर 35 प्रतिशत पूंजीगत सबसिडी प्रदान की जाएगी। अधिकतम सबसिडी सीमा 10 लाख रुपये तक है। इच्छुक उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए ईमेल pmfme.haryana@gmail.com या संपर्क नंबर 0172-2996509 पर संपर्क कर सकते हैं।

# गांव सुडाका में स्थित जीर्ण-शीर्ण इमारत को हटाने के आदेश किए पारित

## उप-मंडल मजिस्ट्रेट नूंह प्रदीप अहलावत ने पारित किए आदेश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उप-मंडल मजिस्ट्रेट नूंह प्रदीप अहलावत ने भारत न्याय संहिता, 2023 की धारा 142(1) के अंतर्गत सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने की संभावना के मद्देनजर गांव सुडाका में सथित जीर्ण-शीर्ण इमारत को हटाने के आदेश पारित किए हैं। उपमंडल मजिस्ट्रेट ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि नायब तहसीलदार नूंह, बीडीपीओ नूंह व पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) उपमंडल नूंह के एस.डी.ई. नूंह ने इस न्यायालय के संज्ञान में लाया कि गांव सुडाका, खंड इंडरी, तहसील व जिला नूंह में आलमपुरिया की हवेली की इमारत बहुत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसके ढहने की संभावना के कारण सार्वजनिक सुरक्षा, जीवन और संपतति के लिए खतरा होने की संभावना है। इसलिए उन्होंने गांव सुडाका निवासी मुदीन खान पुत्र युसुफ, इलियास पुत्र जुम्मा, हाजी सब्बीर पुत्र सुल्तान, जाहिद पुत्र



याकुब, वजीर पुत्र कपुर आदि सभी को आदेश प्राप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर इस इमारत को अपनी लागत पर हटाने या मरम्मत करवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं और उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यह इमारत अब सार्वजनिक सुरक्षा के लिए किसी प्रकार का खतरा पैदा नहीं करती है।

इसके साथ ही जब तक इस इमारत की मरम्मत या ध्वस्तीकरण का कार्य पूरा नहीं होता है, तब तक इसका आवासीय, वाणिज्यिक या अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इन आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर इस कार्यालय में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। इसके साथ ही सभी को आगामी 20 जनवरी 2025 को इस न्यायालय के समक्ष उपर्सथित होकर कारण बताना होगा कि भारत न्याय संहिता, 2023 की धारा 146 के अंतर्गत इस आदेश को क्यों न लागू कर दिया जाए। उन्होंने आदेशों में बताया है कि यदि इस आदेश का अनुपालन करने में विफल रहते हैं या पर्याप्त कारण बताने में विफल रहते हैं तो यह आदेश पूर्णत: लागू होगा और भारत न्याय संहिता, 2023 की धारा 150 के अंतर्गत इसका खर्च भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किया जाएगा।

# विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले गाड़ी रोक मारपीट करने व गाड़ी तोड़ने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका पुलिस ने विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले देर सायं बोड़ी कोठी पर गाड़ी रोककर मारपीट करने व गाड़ी तोड़ने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र से इनेलो के प्रत्याशी रहे हबीब हवन नगर सहित 16 नामजद व दर्जन भर अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव में फिरोजपुर झिरका विधानसभा से इनेलो के प्रत्याशी रहे हबीब

**इनेलो प्रत्याशी रहे हबीब हवन नगर और दर्जन भर आरोपी अभी फरार**

**जल्द ही बचे अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा : पुलिस**

हवननगर सहित कई अन्य आरोपी इस मामले में फरार हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिरोजपुर झिरका पुलिस ने बताया कि विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले सलीम निवासी अकलीमपुर थाना नगीना ने फिरोजपुर झिरका थाने में शिकायत दी थी कि 4 अक्टूबर को देर सायं वो साकरस गांव से अपने साथियों के साथ थार गाड़ी में नगीना की ओर आ रहे थे, तभी हबीब हवननगर और उसके साथी जकरिया, नसीम सरपंच, सलीम सहित लगभग 20 से 25 आदमियों ने उनकी गाड़ी के सामने अपनी गाड़ियां लगाकर उनके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं उनकी थार गाड़ी को भी बुरी तरह तोड़ दिया गया था। इस दौरान उनके साथ आरोपियों ने काफी मारपीट की, जिससे उन्हें काफ़ी चोट आई थी। 16 अक्टूबर को पुलिस ने सलीम की शिकायत पर हबीब हवन नगर सहित उनके दो दर्जन साथियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी उसी दिन से पुलिस को चकमा देकर फरार थे, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को सलीम और जकरिया को गिरफ्तार कर लिया है जल्दी इस मामले में हबीब हवन नगर सहित अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शहर में गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन के लगभग 76 चालान काटे

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा अलग-अलग जॉन में सफाई विभाग द्वारा खुले में गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन सहित लगभग 76 चालान किए हैं। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के मिशन को पूरा करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी दिशा में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में फरीदाबाद नगर निगम द्वारा भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और नियम तोड़ने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है।

नगर निगम के सफाई विभाग के वरिष्ठ सफाई निरक्षक बिशन तेवतिया ने बताया कि नगर निगम के एनआईटी 86 बड़खल क्षेत्र में 29 चालान ,ओल्ड जॉन वन और दो में 16 चालान और बल्लभगढ़ जॉन में 31 चालान किए गए हैं। इनमें प्रतिबंधित पॉलिथिन के 49, कूड़े फैलाने के 19 चालान, ऑ डी का 1, खुले में आग जलाने के 6 और अवैध मीट बेचने पर 1 चालान किया किया गया हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। सफाई निरीक्षक ने लोगों से यह भी अपील की है कि खुले में जगह जगह कूड़ा न डालें और पॉलिथीन के प्रयोग से बचे,ताकि फरीदाबाद शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 35 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ उठाएं

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 प्रतिशत तक सबसिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म, और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी। अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी पीएमएफएमई योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऋण पूर्ति पर 35 प्रतिशत पूंजीगत सबसिडी प्रदान की जाएगी। अधिकतम सबसिडी सीमा 10 लाख रुपये तक है। इच्छुक उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए ईमेल pmfme.haryana@gmail.com या संपर्क नंबर 0172-2996509 पर संपर्क कर सकते हैं।

## संपादकीय

# अमेरिका में आग: बेबसी से सबक ले दुनिया

अमेरिका दुनिया पर अपना एकछत्र शासन चाहता है। कनाडा, ग्रीनलैंड एवं पनामा को अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं। मतलब सीधा सा है जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी पावर और पैसे के बल पर खुद को बलवान और सुपरपावर मुल्क समझने वाला अमेरिका एक आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के दक्षिणी हिस्से में शुरू हुई इस जंगल की आग ने अब लॉस एंजेलिस जैसे बड़े शहर को राख बना दिया है। पैलिसेड्स में 20 हजार एकड़, ईटन में 14 हजार एकड़, कैनेथ में 1000 एकड़, हर्स्ट में 900 एकड़, लिडिआ में 500 एकड़ में आग फैली है। इन इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों का जीवन इन सभी स्थानों पर दुर्भर हो गया है। लॉस एंजलिस की इस आग ने न केवल जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी भी दी है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशना बेहद जरूरी है। अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा।

दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है। अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

## अपने बच्चों को विदेश में भेजते समय डंकी जैसे शार्टकट प्रक्रिया को न अपनाएं: राव नरबीर सिंह

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विदेशी सहयोग मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि विदेशों में रोजगार के लिए अपने बच्चों को भेजते समय अभिभावक डंकी जैसे शार्टकट प्रक्रिया को न अपनाएं। कबूतरबाजी करने वाले लोगों पर सरकार की पैनी नजर है और ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि युवा विदेश जाने के नाम पर किसी के चंगुल में न फंसे, इसलिए प्रदेश सरकार ने अलग से विदेश सहयोग विभाग का गठन किया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमीरात व अन्य अरब देशों में ड्राइवर, प्लंबर, राज मिस्त्री व भवन निर्माण से जुड़े अन्य श्रमिकों की खासी मांग है। इसलिए सरकार ने विदेशी भाषा सीखने और उससे संबंधित एजेंसी से प्रमाणित करवाने का प्रबंध किया है और खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि बाहरी देशों की जरूरतों की अनुसार कौशल प्रदान करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है, इसलिए विभिन्न देशों की भाषाओं में हरियाणा के युवाओं को दक्ष बनाने के लिए नीति भी बनाई जा रही है। इसके अलावा हरियाणा सरकार ने कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अरब देशों में काम करने के इच्छुक युवाओं पोर्टल खोला है। इस पोर्टल पर युवा अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर वैध तरीके से विदेशों में काम करने जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डोंकी के रास्ते विदेश जाने वाले युवाओं को शारीरिक व आर्थिक पीड़ा से जूझना पड़ा है और कई बार उनकी जान को भी जोखिम हो जाता है।

# रामेश्वरदास मंदिर में हुआ मकर सक्रांति पर्व का आयोजन

### भंडारे में किया प्रसाद वितरित, गायों के लिए गौशाला में लगाई सवामणी

### मंदिर में लगे अति दुलर्भ चित्र व प्रतिमायें कर रही श्रद्धालुओं को आकर्षित



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** क्षेत्र के प्रसिद्ध रामेश्वर दास मंदिर में मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में समारोह का आयोजन किया गय। जिसमें दूर दराज है आए हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भजन-कीर्तन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया वहीं गौशाला में गायों के लिए सामान्य लगाई गई। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान सुरेश केडिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में हरियाणा व राजस्थान के गायक-कलाकारों ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुती दी। उसके बाद हवन व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सुरेश केडिया ने बताया कि ट्रस्ट की स्थापना सिद्ध संत महाराज रामेश्वरदास की ओर से 1973 में की गई थी। अब तक ट्रस्ट के 4 अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं जिनमें पहले प्रधान के रूप में रामशरण मित्तल, दूसरे आत्मा राम, तीसरे मोहन लाल मोदी तथा चैथे प्रधान सुरेश केडिया हैं जो वर्तमान समय में प्रधान हैं। ट्रस्ट के सभी सद्स्य भी मंदिर की मान-मर्यादा एवं उसकी ख्याति बढाने के प्रति समर्पित हैं। संभवतया यह देश का पहला मंदिर है जहां बड़े अक्षरों में रुपया-पैसा चढ़ाने की मनाही की गई है।

ट्रस्ट के सद्स्य हनुमान भारद्वाज व लक्ष्मण शास्त्री ने बताया कि रामेश्वरदास मंदिर में समय-समय पर अनेकों समारोह आयोजित किए जाते हैं, जिनमें रामनवमी, शारदीय व चैत्र नवरात्र, होली-दीपावली एवं महाराज रामेश्वरदास की पुण्यतिथि शामिल है द्य महेंद्रगढ जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। इसके अलावा भगवान शंकर का रुद्राभिषेक व अनुष्ठान का अन्य कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने बताया कि बताया कि करीब 8 एकड़ भूमि पर बने मंदिर एवं गौशला में विभिन्न देवी-देवताओं व विद्वानों के अति दुर्लभ चित्र एवं आकर्षक प्रतिमायें लगी हुई हैं। जिन्हें देखने व समझने के बाद श्रद्धालुओं को शुकुन का एहसास होता है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर हनुमानजी की विशालकाय प्रतिमा लगी हुई है वहीं द्वितीय तल पर शंकर भगवान के नंदी व शिवंलिग की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के प्रारंभकाल गुरु जंभेश्वर से लेकर कलियुग तक के चित्र दिखाये गये हैं इसके साथ ही बड़े-बड़े अक्षरों में रूपया पैसा न चढावें ओर ना ही किसी को देवें लिखा गया है,जो मंदिर की खासियत को दर्शाता है। मंदिर प्रांगण में रामेश्वरदास समाधि स्थल, दुर्गा माता, रामदरबार, लक्ष्मीनारायण,शुकदेव मुनि, वृंदावन बिहारी लाल, हनुमान मंदिर, महादेव, 9 ग्रह, विराट रूप, अखंड ज्योति, संत दुल्लादास, शास्त्रीजी रामजस, शंभूदास, महिसासुर मृदनि, नरसिंह भगवान, शेष शैया, सूर्यदेव, संत तुलसीदास, अन्नपूर्णा दरबार, नंदेश्वर, भोलेनाथ, नारदजी, भक्त प्रहलाद, परशुराम, गीताभवन संस्कृत में सभी 18 अध्याय, गायत्री माता, 52 भैरव, 64 योगिनी, 9 देवी, भद्रकाली, गणेशजी, संतोषी माता, सरस्वती माता, महालक्ष्मी दरबार, वामन भगवान, भैरव, दत्तात्रेय, भगवती गंगा, यमुना जैसे दुर्लभ चित्र एवं प्रतिमायें लगी हुई हैं। जिन्हें श्रद्धालु घंटों तक निहरते रहते हैं। माना जाता है कि एक बार जो श्रद्धालु वहां पंहुच जाता है वह बार-बार जाने का इच्छुक होता है।

# सडक सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने वाहन चालकों को किया जागरूक



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा राज्य परिवहन एवं थाना यातायात द्वारा चलाये जा रहे सडक सुरक्षा अभियान के तहत मंगलवार को कनीना में वाहन चालकों को जागरूक किया गया। जिला उपायुक्त डॉ विवके भारती के दिशा निर्देशन में 31 जनवरी तक चलने वाले इस सडक सुरक्षा अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार किया जायेगा। कनीना में संचालित इस अभियान का नेतृत्व असिस्टेन्ट आरटीए बृजभूषण के नेतृत्व में किया गया। उनकी टीम सहित यातायात निरीक्षक नरेश कुमार, आरएसओ मुख्याध्यापक आनंद जोशी ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए वही साथ ही साथ आवारा पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर बैंड भी डाले। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर पम्पलेट व बैनर लगाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने रेवाड़ी रोड टी-पॉइंट, अटेली रोड टी-पॉइंट सहित मेजर डिस्टिक रोड व स्टेट हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमो का पालन करने के लिए जागरूक किया। उनकी टीम ने यातायात नियमों को पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने दे। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें वही चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाने तथा नशा कर गाडी न चलाने तथा गाडी चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों से जुडे व्यक्ति कृष्ण शर्मा, मा दीपक भारद्वाज, कार्तिकेय सहित पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने कार्यकारी अभियंता के समक्ष रखी मागें

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ब्रांच कनीना व अटेली की संयुक्त बैठक मंगलवार को मंडल कार्यालय आयोजित हुई। जिसमें कार्यकारी अभियंता प्रदीप यादव ने कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने को कहा। ब्रांच प्रधान कृष्ण पुनिया ने उनके सामने कर्मचारियों की मांगों को रखा। उन्होंने विभाग के दोनों एसडीओ अजय यादव व राजीव यादव से उनकी मागों का समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में महेंद्र सिंह, सुभाष यादव, राजेंद्र सिंह,दीपक कुमार, सुरेंद्र फौजी, रविंदर यादव, परवीन, वेदपाल कनीना,जसवंत यादव, प्रदीप शर्मा उपस्थित थे।

## विधायक राजबीर फरटिया ने गौशाला में नवनिर्मित शेड का किया उदघाटन



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** आज विधायक राजबीर फरटिया द्वाराअपने हल्के के गाँव सिंघानी में स्थित बाबा मडिया गौशाला में बनवाए गए नवनिर्मित शेड का उदघाटन किया गया। इस शेड का निर्माण क्षेत्र की गौ माता की सेवा के उद्देश्य से किया गया है, ताकि उन्हें वर्षभर मौसम की कठिन परिस्थितियों से बचाया जा सके। गौशाला में उपस्थित ग्रामीणों और समाजसेवियों ने इस मौके पर बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। यह शैड़ गौ माता के लिए आरामदायक वातावरण सुनिश्चित करेगा।

# बूचावास गौशाला में मनाया गया मकर सक्रांति पर्व

### गौशाला संचालक महंत विट्ठलगिरी कर रहे सनातन को ध्वजवाहक : प्रो रामबिलास शर्मा



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बुचावास स्थित महंत लक्ष्मण गिरि गौशाला में मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह हवन यज्ञ एवं प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें दूर-दराज से आए श्रधालुओं ने हिस्सा लिया ओर मंहत विट्ठलगिरी का शॉला ओढाकर सम्मान किया। गौशाला के संचालक महंत विट्ठल गिरी महाराज ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व का सनातन धर्म में विशेष स्थान है। इस दिन स्नान-ध्यान कर पूजा पाठ एवं दान आदि करने से मनुष्य को विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इस विकलांग गौशाला की नीव सन 2007 में महामंडलेश्वर ज्योति गिरि महाराज द्वारा रखी गई थी। स्वामीजी की सोच थी विकलांग गायों की सेवा से बढ़कर इस संसार में और कोई पुण्य का कार्य नहीं है। ऐसी सोच के साथ उन्होंने इस गौशाला की शुरुआत की थी। तभी से इस गौशाला में विकलांग एवं बीमार गायों का उपचार एवं सेवा निष्काम भाव से की जा रही है। स्वामी जी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गौशाला प्रांगण में मकर संक्रांति पर्व की शुरुआत यज्ञ के साथ की गई तथा बाद में प्रसाद वितरण किया गया। प्रदेश के पूर्व शिक्ष मंत्री प्रो. रामविलास शर्मा ने चंडीगढ से दूरभाष पर बताया कि गायों की सेवा करने से देवता प्रसन्न होते हैं। उन्होंने मकर संक्रांति पर्व की खुशी जताते कहा कि इस दिन का सिर्फ धार्मिक महत्व ही नही है, बल्कि इसका संबंध विज्ञान, कृषि और सामाजिक जीवन से भी है। मकर संक्रांति को नई ऊर्जा, नई फसल और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि महंत विट्ठल गिरी महाराज सनातन धर्म के ध्वजावाहक के रूप में कर रहे हैं। बीमार एवं बेसहारा गायों की सेवा करके समाज के लोगों को गौ सेवा के प्रति प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने गौशाला में गायों के रखरखाव की अच्छी व्यवस्था के लिए भी गौशाला प्रबंधन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में स्वामी विष्णु गिरी, वीपी सरपंच,अश्वनी शर्मा, पिंटू मेरठ, डॉ.राकेश कुमार जिला प्रमुख, ठाकुर डालू सिंह, पूर्व मंत्री विक्रम सिंह, बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत सिंह, उमेद सोनी, बलवान सिंह, रामजीवन मित्तल, सुनील कुमार, दलीप सिंह, सुभाष चंद उपस्थित थे।

## पुलिस ने खेतों से एल्यूमीनियन पाईप व फवारा चोरी करने के 5 आरोपियों को किया काबू

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खेतों से पाइप व नोजल चोरी करने के आरोप में कनीना थाना पुलिस टीम ने 5 व्यक्तियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान अजय उर्फ खान, अनिल वासी ढाणा रोङ हाल आबाद राजीव कालोनी सैक्टर 13 भिवानी, राकेश वासी कोट भिवानी, मनोज वासी ढाणा रोङ गली नंबर 02 भिवानी हाल आबाद गांव कोट तथा जगविन्द्र उर्फ जगमिन्द्र वासी धिमाना,कोट भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने चोरी के आरोपियों से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया जहां कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बारे में सुनील निवासी गांव झाडली ने थाना सदर कनीना में शिकायत दर्ज कराते हुए 30 पाईप जिनपर 12 फवारा नोजल लगी हुई थी। जिन्हें अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। इतना ही नहीं उसी रात उसके पडोस में मुकेश निवासी छितरोली के 46 पाईप एल्यूमिनियम के भी चोरी हो गए थे।

## बिजली कर्मचारियों का धरना 13वें दिन भी जारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बिजली चोरी पकडने गई निगम की टीम पर हमल बोलने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बिजली कर्मचारियों द्वारा बीती 2 जनवरी से शुरू किया धरना मंगलवार को 13वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सुरेश कुमार ने की। निगम कर्मी हवासिंह ने बताया कि बीती 16 दिसंबर को निगम कर्मियों की सात सद्सीय टीम कनीना खंड के गांव मोडी में छापेमारी के लिए गई थी। जिनसे ग्रामीणों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। कर्मचारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरनारत हैं।

# शासन-प्रशासन की पारदर्शिता का प्रतीक बना समाधान शिविर : अजय कुमार



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरूग्राम।** डीसी अजय कुमार ने मंगलवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी। कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में नागरिक विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें लेकर पहुंचे। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मंगलवार को समाधान शिविर में 10 शिकायतें दर्ज हुई।

डीसी ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर प्रदेश सरकार की अनुकरणीय पहल है। शिविर न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता का प्रतीक हैं, बल्कि आमजन और अधिकारियों के बीच संवाद का एक मजबूत माध्यम बन गए हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता की शिकायतें प्राथमिकता से सुनी जाएं और मौके पर ही समाधान प्रदान करते हुए नागरिकों को राहत दी जाए।

समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से जुड़ी सेवाएं और जानकारी मिलती है। समाधान शिविर जनता की समस्याओं को हल करने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाता है।

मंगलवार को जिला स्तर पर आयोजित हुए समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, जमीन रिकॉर्ड सही करवाने, वॉटर कनेक्शन बिल सही करवाने आदि मामलों में शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर अन्य के विषय मे समयसीमा निर्धारित की गई।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503



# अब अपनी हॉबी को ही बना सकते हैं करियर ऑप्शन

आज के समय में जॉब करना आसान नहीं रह गया है। यह काम तब और मुश्किल हो जाता है, जब किसी का प्रोफेशन और हॉबी अलग-अलग हो। जिसके कारण आजकल कई लोग जॉब तो कर रहे हैं , लेकिन वे उन जॉब्स से खुश नहीं हैं। पैसा कमाने के लिए जॉब करना और अपने पैशन को फॉलो करके उसमें आगे जाना दोनों बहुत अलग बात हैं। फिर चाहे उसमे पैसे थोड़े कम क्यों न हो।

फोटोग्राफी, राइटिंग, म्यूजिक, डांस, सिंगिंग, कुकिंग, पेंटिंग समेत कई ऐसी हॉबी होती हैं, जिन्हे आप फुल टाइम करियर में बदल सकते हैं। सोचिये जो काम आपको सबसे ज्यादा पसंद है और आपकी हॉबी है, उसे आप अलग से समय निकाल कर करते हैं, अगर इसी हॉबी को अपना प्रोफेशन बना लें तो कितना अच्छा रहेगा। अगर आप भी अपनी हॉबी को करियर का रूप देना चाहते हैं, तो यहां पर दिए गए 7 टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

### सबसे पहले रिसर्च करें

अपनी हॉबी को प्रोफेशन में बदलने के लिए सबसे पहले जो काम आपको करना है वो है रिसर्च। किसी भी हॉबी के बारे में आपको पूरी जानकारी होनी चाहिए। आपको पता लगाना है कि क्या आपकी हॉबी फुल टाइम करियर बना सकती है या नहीं। उसमें जॉब और करियर के क्या अवसर हैं और उस क्षेत्र में कितने लोग काम कर रहे हैं और कितने अनुभव की जरूरत पड़ती है।

### सही फीडबैक लें

कोई भी व्यक्ति अपने काम को जज नहीं कर सकता और न ही आपका परिवार या दोस्त आपकी इसमें मदद कर सकते हैं। किसी भी काम को शुरू करने से पहले गाइडेंस के लिए जरूरत होती है एक अनुभवी प्रोफेशनल की जो आपका मेंटर बने। हमेशा याद रखें कि काम शुरू करने से पहले अपनी हॉबी के बारे में अपने मेंटर से ईमानदार फीडबैक लेना बिल्कुल ना भूलें।

### शुरू से शुरुआत करें

यह बात पहले ही अपने मन में बैठा लें कि जब आप कोई करियर स्विच करेंगे तो हो सकता है कि आपको नीचे से ही शुरू करना पड़े। आप अपनी जॉब में फिलहाल ऊंची पोस्ट पर हों, लेकिन आपको नये करियर में नीचे से ही शुरू करना होगा। इसलिए अपनी तैयारी पहले से ही पूरी कर लें।

### पुरानी स्किल्स का इस्तेमाल

आपके पुराने और नये करियर में भले ही कोई समानताएं न हों। लेकिन फिर भी हर जगह से हम कुछ न कुछ स्किल्स तो सीखने को मिलती ही हैं। ऐसी कई स्किल होती हैं, जो हर फील्ड में काम आती हैं। जैसे अगर आप किसी कंपनी के सेल्स डिपार्टमेंट में काम कर रहे हैं और पेंटिंग में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आपकी मार्केटिंग स्किल यहां भी काम आएगी। इसलिए ध्यान रखें कि सभी स्किल का इस्तेमाल अपने नये करियर में करें।

### अपनी फील्ड के एक्सपर्ट बनें

अपनी हॉबी में करियर बनाने से पहले आप उस फील्ड से जुड़े लोगों से संपर्क बनाएं। अपनी नॉलेज और स्किल्स को बढ़ाएं, एक अच्छा नेटवर्क बनाएं। यह आपको आगे बढ़ने में मदद करेगी। आपको उस फील्ड में सबसे बेहतर बनाने की कोशिश करें।

### अपने काम को मोनेटाइज करें

प्रूफ ऑफ कंसेप्ट एक बिजनेस टर्म है जिसका इस्तेमाल उन उद्यमियों के द्वारा किया जाता है जो फंडिंग की तलाश में होते हैं। आपको भी अपने लिए फंडिंग का इंतजाम करना चाहिए। क्योंकि किसी भी काम के लिए आर्थिक सुविधा बहुत जरूरी है। अगर वह नहीं रहेगा तो आप आगे भी नहीं बढ़ पाएंगे। इसलिए अपने काम से पैसे कमाने की कोशिश करें। आप चाहे तो आपकी स्किल को ऑनलाइन सिखा सकते हैं, एक्सपर्ट लेक्चर ले सकते हैं। या फिर खुद की वर्कशॉप भी लगा सकते हैं।

### इस तरह बदले अपने पैशन को प्रोफेशन में

जब आपके मन में अपने पैशन को प्रोफेशन बनाने का विचार आए तो सबसे पहले अपने सभी हॉबी की लिस्ट बनाएं। मान लीजिये आपकी तीन हॉबी हैं। आपको लिखने का शौक हैं, फोटोग्राफी और पेंटिंग का भी शौक है। अब एक- एक हॉबी पर विचार कीजिए और उसके साथ कुछ दिन जी कर देखें। इससे आपको अपने आप ही मालूम हो जायेगा कि किस काम को लेकर आप ज्यादा बेहतर हैं और वह कार्य करते हुए आपको ज्यादा खुशी मिलती है।

# सफलता के लिए हमेशा याद रखें...

किसी भी कार्य की सफलता के लिए भावना अच्छी होनी चाहिए। कार्य को प्रारम्भ करने के पीछे हमारा भाव क्या है। हम क्या करना चाहते हैं इसका महत्व है। सफलता के लिए भगवान का सुमिरन कर कार्य करें। भगवान का ध्यान कर किए जाने वाले कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। केवल परिश्रम से कुछ नहीं होता। कुछ लोग भगवान की असीम कृपा से कम परिश्रम में भी सफलता की ऊंचाइयों को छू लेते हैं। संतों ने सफलता के 3 मंत्र बताए। पहला भगवान का स्मरण, दूसरा धैर्य तथा तीसरा परमार्थ की भावना जुड़ी होनी चाहिए।

प्रत्येक मंदिर बाहर से स्वच्छ होना चाहिए और भीतर से पवित्र होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति भी बाहर से स्वच्छ और भीतर से पवित्र होना चाहिए। फिर कोई लम्बी साधना करने की जरूरत नहीं। मां त्रिस्तरीय काम करती है। सृष्टि को उत्पन्न करती है, उसका परिपालन और उसका संघार करती है। अम्बा के 3 स्तर हैं, स्त्री शरीर अम्बा का ही अंश है। ऐसा मानकर उसका 3 स्तर पर सम्मान करना चाहिए। कन्या का सम्मान, धर्मपत्नी का सम्मान और मां का सम्मान। आनंद की अंतिम सीमा आंसू हैं। हम सबका जीवन फल होना चाहिए प्रेम। सत्य शायद हम चूक जाएं। करुणा छूट जाए लेकिन प्रेम बना रहे। यह जीवन का फल है।





# स्क्रिप्ट राइटिंग में करियर

**यदि आप लेखन में दक्षता रखते हैं और आपको किताबें पढ़ने में भी गहरी रुचि है तो स्क्रिप्ट राइटर के तौर पर आप अपने शौक को करियर का रूप भी दे सकते हैं। जो युवा लिखने-पढ़ने के साथ मानवीय संवेदनाओं को पकड़ कर अभिव्यक्त करने की क्षमता रखते हैं उनके लिए भी इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।**

## कार्यक्षेत्र

विज्ञापनों के लिए स्क्रिप्ट राइटर्स की सेवाएं विशेष तौर पर ली जाती हैं। अक्सर विज्ञापनों में ऐसे शब्दों या पंक्तियों का इस्तेमाल किया जाता है जो लोगों की जुबान पर चढ़ जाती हैं। ये सब स्क्रिप्ट राइटर के दिमाग की ही उपज होते हैं। ऐसी रोचक बातों को जिंगल्स कहा जाता है।

बेशक स्क्रिप्ट राइटर का काम सिर्फ जिंगल लिखना ही नहीं होता बल्कि और कई चीजें हैं जो स्क्रिप्ट राइटर करते हैं लेकिन अधिकतर की शुरूआत जिंगल्स से ही होती है।

जाहिर है कि स्क्रिप्ट राइटिंग कहानियां और कविताएं लिखने से कुछ अलग होता है क्योंकि स्क्रिप्ट में लिखी गई हर बात का फिल्मांकन किया जाता है इसीलिए लेखक को यह सोचकर लिखना पड़ता है कि उसके द्वारा लिखी गई स्क्रिप्ट पढ़ी नहीं देखी जाएगी।

## कौशल

इसमें क्षेत्र में करियर बनाने के लिए छात्रों में रचनात्मकता का होना आवश्यक है। कम शब्दों में आपको उत्पादों की विशेषताओं को उपभोक्ताओं तक पहुंचाना होता है। विज्ञापनों के लिए ऐसी जिंगल्स की रचना करनी पड़ती है कि सुनते या पढ़ते ही वह ग्राहक के जेहन में आ जाए। वैसे कोई डिग्री कोर्स तो नहीं होता पर ये जर्नलिज्म के अंतर्गत आता है।

कल तक विज्ञापन ग्राहकों की संतुष्टि के लिए बनाए जाते थे लेकिन आज जो विज्ञापन आ रहे हैं वे ग्राहकों के संतोष के साथ उसकी खुशी और मनोरंजन को भी महत्व दे रहे हैं। मानवीय भावनात्मक पक्षों को छूते विज्ञापन न सिर्फ देर तक याद रहते हैं बल्कि मन पर भी गहरा असर छोड़ते हैं।

जिस भी भाषा में आप स्क्रिप्ट राइटिंग करना चाहते हैं उसका गहन ज्ञान आपको होना चाहिए। आपको अधिक से अधिक पुस्तकों को भी पढ़ना चाहिए ताकि आपको विभिन्न लेखकों की शैली की जानकारी भी प्राप्त हो सके। साथ ही फिल्मों तथा धारावाहिकों की स्क्रिप्ट पर गौर करने की आदत भी डाल लें। इसके बाद आप स्क्रिप्ट लेखन में हाथ आजमाएं।

## योग्यता

स्क्रिप्ट राइटिंग में सबसे अहम जरूरत रचनात्मकता की होती है जो पूर्णतः व्यक्ति की विश्लेषण और कल्पना क्षमता पर आधारित होती है लेकिन फिर भी इसके लिए पत्रकारिता का कोर्स कर लिया जाए तो बेहतर होता है। किसी भी विषय में 12वीं कक्षा पास करने के बाद पत्रकारिता में ग्रैजुएशन कर सकते हैं। जो छात्र ग्रैजुएशन कर चुके हैं वे किसी प्रतिष्ठित संस्थान से पत्रकारिता में एम.ए. भी कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
एमिटी स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, नई दिल्ली
इंडियन इंस्टी. आफ मास कम्युनिकेशन नई दिल्ली
जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, मध्य प्रदेश
माखन लाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश।





# लाभदायक करियर इमेज कंसल्टिंग

**भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।**

इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को अपने भीतर छुपी क्षमताओं को निखारने और साथ ही साथ उन क्षमताओं को सभी के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए अपनी अपीयरैंस ( दिखावट ) के प्रबंधन हेतु मार्गदर्शन किया जाता है। इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को परिधान पहनने व तैयार होने के ढंग, बॉडी लैंग्वेज, शिष्टाचार एवं सॉफ्ट स्किल्स के बारे में शिक्षित किया जाता है। इमेज कंसल्टैंट व्यक्तिगत रूप से तथा समूह में कोचिंग प्रदान करते हैं। वे किसी एक व्यक्ति अथवा कम्पनियों को अपनी सेवाएं देते हैं। वे लोगों के लिए मुक्त कार्यशाला भी आयोजित करते हैं। इस क्षेत्र से जुड़े कार्यों में पर्सनल शॉपिंग, यूनिफॉर्म डिजाइन, इमेज मैनेजमैंट, पॉलिसी डिजाइन, स्टाइलिंग आदि भी शामिल हैं। भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।

यह ऐसा करियर है, जिसमें व्यक्ति अन्य लोगों के विकास का मुख्य सहयोगी बनता है तथा अन्य लोगों को और अधिक सफल बनाने से उसे सफलता मिलती है। यह क्षेत्र उन महिलाओं को करियर बनाने का दूसरा मौका देता है जिन्होंने कुछ समय के लिए अपने पहले करियर को छोड़ रखा हो। इमेज कंसल्टिंग बिजनैस इंस्टी. भारत में इमेज कंसल्टैंसी की शिक्षा तथा प्रशिक्षण देने वाला अग्रणी संस्थान होने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह संस्थान इमेज कंसल्टिंग एवं बिजनैस प्रोग्राम संबंधी अनोखे पेशेवर कोर्स करवाता है। इस संस्थान की डायरैक्टर सुमन अग्रवाल भारतीय उपमहाद्वीप की वरिष्ठतम इमेज कंसल्टैंट मानी जाती हैं। उनकी कहानी भी एक उत्तम प्रेरणा स्रोत है। उन्हें कॉलेज की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ी थी परंतु आज वह एक सफल उद्यमी तथा इस संस्थान की डायरैक्टर हैं, जिसकी स्थापना उन्होंने 2009 में की। यूनाइटेड किंगडम स्थित फैडरेशन ऑफ इमेज प्रोफैशनल इंटरनैशनल द्वारा उन्हें इमेज मास्टर अवार्ड से नवाजा गया जिससे वह भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक वरिष्ठ इमेज कंसल्टैंट बन गई। इमेज कंसल्टिंग में पहनावे के महत्व पर वह कहती हैं, ''80 प्रतिशत से अधिक संवाद दृश्य होता है और पहनावा इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भी आप किसी से मिलते हैं तो व्यक्ति का सबसे अधिक ध्यान सामने वाले के पहनावे पर ही जाता है। हालांकि यह बताना जरूरी है कि पहनावे के संबंध में कौशल एक इमेज कंसल्टैंट के पास होता है, वह सर्वश्रेष्ठ फैशन डिजाइनर समेत किसी अन्य पेशेवर के पास नहीं हो सकता है। महत्व बढ़िया परिधानों का नहीं होता, बल्कि उस संदेश का होता है जो आप अपने पहनावे से सामने वाले को देना चाहते हैं। सही पहनावे को सुनिश्चित बनाने के लिए व्यक्ति को अपने काम, लक्ष्यों एवं मौके का ध्यान रखने के अलावा आकर्षक दिखने के लिए अपने शारीरिक ढांचे, रंग-रूप, चेहरे के आकार आदि पर भी गौर करना पड़ता है।'' उनके अनुसार इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह एक उत्तम एवं बेहद लाभदायक करियर साबित हो सकता है।

# पत्राचार शिक्षा से बदलती युवाओं की तकदीर

**आज सभी विषयों में ग्रैजुएशन तथा मास्टर डिग्री कोर्स के अलावा अनेक सर्टीफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा भी पत्राचार माध्यम से दूरस्थ शिक्षा के रूप में उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को सभी संबंधित विषयों का बुनियादी ज्ञान प्रदान करना होता है। अधिकतर पत्राचार पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जाते हैं और इनमें सभी विषय-विधाओं के 10+2 छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।**

कुछ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश एक चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। पत्राचार शिक्षा ने हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में एक आश्चर्यजनक परिवर्तन ला दिया है। पत्राचार माध्यम से अध्ययन करने वाले छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न आधुनिक तकनीकों का सहारा भी दिया जा रहा है। उपग्रह संचार, लो पावर ट्रांसमीटर्स की सहायता एवं सूचना सुपर-हाइवेज के माध्यम से देश भर में शिक्षा का प्रसार हो रहा है।

देश में अनेक मुक्त विश्वविद्यालय तथा उससे भी अधिक नियमित विश्वविद्यालय तथा कई अन्य संस्थाएं दूरस्थ अध्ययन कार्यक्रम चलाते हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति कई श्रेणियों के शिक्षार्थियों, विशेष रूप से देरी से पढ़ाई शुरू करने वालों, जिन व्यक्तियों के घर के पास उच्चतम शिक्षा साधन नहीं है, सेवारत व्यक्तियों और अपनी शैक्षिक योग्यताएं बढ़ाने के इच्छुक व्यक्तियों को लाभ प्रदान कर रही है। मुक्त विश्वविद्यालय ऐसे लचीले पाठ्यक्रम विकल्प देते हैं जिन्हें वे छात्र ले सकते हैं जिनके पास कोई औपचारिक योग्यता नहीं है किन्तु अपेक्षित आयु ( प्रथम डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 18 वर्ष ) के हो चुके हैं और लिखित प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। ये पाठ्यक्रम छात्र अपनी सुविधानुसार भी ले सकते हैं। विश्वविद्यालयों के दूरस्थ शिक्षा केंद्र न्यूनतम पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों को प्रवेश देते हैं। यह पात्रता नियमित पाठ्यक्रमों के समान ही होती है। पत्राचार शैक्षिक संस्थाएं छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री के साथ-साथ संपर्क कक्षाएं भी उपलब्ध कराती हैं और परीक्षाएं संचालित करती हैं।

अधिकांश विश्वविद्यालय मुद्रित अध्ययन सामग्री के अलावा अपने स्थानीय केंद्रों पर मल्टीमीडिया साधनों से भी छात्रों को शिक्षित करते हैं। ये विश्वविद्यालय ग्रैजुएशन पाठ्यक्रम, मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम, एम.फिल पीएच.डी. तथा डिप्लोमा एवं सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम भी चलाते हैं जिनमें से अधिकांश पाठ्यक्रम करियर उन्मुखी होते हैं।



# भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़त, बजट विस्तार और खाद्य मुद्रास्फीति का मुद्दा

**- 2026 तक कई क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति मजबूत होने की संभावना**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय अर्थव्यवस्था का उत्थान और खाद्य मुद्रास्फीति की चिंता के बीच सरकार ने तेजी से कदम बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मांग का बढ़ना व्यापक तौर पर देखा जा रहा है। एक कैपिटल ग्रुप के अनुसार त्योहारों और शादियों के मौसम ने विभिन्न क्षेत्रों में मांग को बढ़ाया है। एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री ने बताया कि 2026 तक कई क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। रिटेल सेक्टर में भी बड़े बदलाव के दौर पर है, जिसमें क्विक कॉमर्स का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। वित्त वर्ष 2025 में व्यय में बढ़ोतरी से जुड़ी संभावनाएं हैं और रक्षा, बिजली, डेटा सेंटर और रेलवे सेक्टर में निवेश के लिए बजट महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र में भी अच्छी फसलों की संभावना है, जो मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था में नए संकेत और उम्मीद देखने को मिल रहे हैं। आने वाली बजट में और विकेंद्रीकरण के माध्यम से सरकार ने वित्तीय स्थिति पर संक्रमण लाने की कोशिश की है, जो व्यापक विकास और भावनात्मक बाजार के लिए एक अनुकूल दौर की शुरुआत कर सकती है। दुनिया भर में अर्थव्यवस्था की ताजगी को ध्यान में रखते हुए भारत की मुद्रास्फीति को कम करने की दिशा में सरकार के कदम निर्णायक हों सकते हैं।



# एसबीआई लाइफ ने बनाया इतिहास, एलआईसी को पीछे छोड़ा

**- एलआईसी का कलेक्शन 15 फीसदी कम होकर 2,628 करोड़ रुपये रह गया**




**नई दिल्ली ।**

एलआईसी देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी है, लेकिन पहली बार एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने एलआईसी को पछाड़ दिया है। दिसंबर में एसबीआई लाइफ का प्रीमियम एलआईसी से अधिक रहा, जो इस कंपनी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। नई व्यक्तिगत गैर-एकल प्रीमियम पॉलिसीज से जुटाए गए 3,416 करोड़ रुपये, जो 2023 की तुलना में 16.7 फीसदी अधिक है। दूसरी ओर एलआईसी का कलेक्शन 15 फीसदी कम होकर 2,628 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का दिसंबर में प्रीमियम पिछले साल के मुकाबले 40 फीसदी गिरकर 22,981 करोड़ रुपये है। सबसे बड़ी गिरावट ग्रुप सिंगल प्रीमियम पॉलिसीज से आई, जो पिछले साल के 17,601 करोड़ रुपये से 8,191 करोड़ रुपये रह गई। अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए एलआईसी ने दिसंबर 2024 में 13,523 करोड़ रुपये के कुल नए व्यवसाय प्रीमियम के साथ सबसे बड़ी कंपनी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। एसबीआई लाइफ की भी प्रीमियम में वृद्धि दर्ज की गई है, जो इसे इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाती है। मार्केट हिस्सेदारी में भी इसकी ज़बरदस्त बढ़त देखने को मिल रही है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में नॉर्वे सबसे आगे

**नई दिल्ली ।**



इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के मामले में नॉर्वे सबसे आगे निकल गया है, वहीं भारत को इस क्षेत्र में अभी काफी मेहनत करने की जरुरत है। नार्वेजियन रोड फेडरेशन (ओएफवी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में नॉर्वे में कुल 1,28,691 नई गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिनमें से 1,14,400 गाड़ियां इलेक्ट्रिक थीं।

यह संख्या देश में 89प्रतिशत नई गाड़ियों की इलेक्ट्रिक बिक्री को दर्शाती है। यह उपलब्धि नॉर्वे के 2025 तक सभी नई गाड़ियों को ÷जीरो उत्सर्जन÷ बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के करीब पहुंचने का संकेत देती है। गौरतलब है कि नॉर्वे, जो कि एक प्रमुख ऊर्जा उत्पादक और तेल निर्यातक देश है, ने पिछले 12 वर्षों में ईवी क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की है। 2012 में नॉर्वे में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की हिस्सेदारी केवल 2.8 प्रतिशत थी। लेकिन, सरकार द्वारा टैक्स छूट, टोल माफी, मुफ्त पार्किंग, और सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट लेन के उपयोग जैसे प्रोत्साहन देने से यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा। हालांकि, हाल के वर्षों में कुछ प्रोत्साहनों को हटाया गया है, लेकिन इलेक्ट्रिक गाड़ियां नॉर्वे की जीवनशैली का हिस्सा बन चुकी हैं। 2024 में नॉर्वे के ईवी बाजार में टेस्ला ने 19प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद फोक्सवागन, टोयोटा, वॉल्वो और बीएमडब्ल्यू जैसी कंपनियां रहीं। दिलचस्प बात यह है कि चीनी ब्रांड्स भी नॉर्वे के ईवी बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, और 2025 में यह देखना रोचक होगा कि वे खरीदारों को कितना आकर्षित कर पाते हैं।

वहीं, भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्थिति नॉर्वे से बिल्कुल अलग है। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के अनुसार, 2024 में भारत में बिकने वाली कुल गाड़ियों में से केवल 2प्रतिशत गाड़ियां इलेक्ट्रिक थीं। भारत में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और उच्च लागत ईवी की लोकप्रियता में बड़ी बाधा है। हालांकि, टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर सेगमेंट में इलेक्ट्रिक वाहनों का अच्छा प्रदर्शन देखा गया। 2024 में बिकने वाले थ्री-व्हीलरों में 50प्रतिशत और टू-व्हीलरों में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की थी। भारतीय बाजार में टाटा, महिंद्रा, हुंडई, और एमजी जैसी कंपनियां प्रमुख हैं।

# हर महीने 3 लाख से यूनिट्स बिकती हैं हीरो स्प्लैंडर प्लस की




**नई दिल्ली ।**

हीरो स्प्लैंडर प्लस बाइक न केवल भारतीय बाजार में बल्कि बाइकिंग समुदाय में भी एक लोकप्रिय विकल्प बन चुकी है। हर महीने हीरो स्प्लैंडर प्लस बाइक की 3 लाख से अधिक यूनिट्स बिकती हैं।

हालांकि, अब हीरो ने इस बाइक की कीमत में बढ़ोतरी की है, जो उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव साबित हो सकता है। पहले हीरो स्प्लैंडर प्लस की एक्स-शोरूम कीमत रुपए 75,441 थी, जिसे अब रुपए 1,735 बढ़ाकर रुपए 77,176 कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी विभिन्न कारणों से हुई है, जिसमें उत्पादन लागत में वृद्धि और अन्य कारकों का योगदान हो सकता है। हालांकि, यह कीमत राज्य और स्थानीय टैक्स के हिसाब से थोड़ा अलग हो सकती है। इसके बावजूद, हीरो स्प्लैंडर प्लस के ग्राहक अभी भी इसे एक किफायती और मजबूत विकल्प मानते हैं।

हीरो स्प्लैंडर प्लस में 100सीसी का एयर-कूल्ड, 4-स्ट्रोक, सिंगल-सिलेंडर ओएचसी इंजन है, जो 5.9 केडब्ल्यू की पावर और 8.05 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। इसके साथ ही इसमें 4-स्पीड गियरबॉक्स मिलता है, जो इसे एक स्लीक और किफायती राइड बनाता है। इसमें प्रोग्राम्ड फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम भी है, जो बाइक की माइलेज को बेहतर बनाता है।

यह बाइक एक लीटर पेट्रोल में लगभग 70 किलोमीटर तक चल सकती है, जो इसे भारत के अधिकतर राइडर्स के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। इसकी बढ़ी हुई कीमत के बावजूद, हीरो स्प्लैंडर प्लस की लोकप्रियता में कोई कमी आने की संभावना नहीं है, क्योंकि यह भारतीय बाइक बाजार में अपनी विश्वसनीयता और किफायती राइडिंग अनुभव के लिए प्रसिद्ध है। बता दें कि भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक्स में हीरो स्प्लैंडर प्लस का नाम हमेशा शीर्ष पर आता है। इसकी सफलता का मुख्य कारण इसका सिंपल डिजाइन, बेहतरीन माइलेज और भरोसेमंद इंजन है।

# शेयर बाजार में गिरावट के साथ अडानी को 5.06 अरब डॉलर की संपत्ति का नुकसान

**दुनिया के अमीरों की सूची में 22वें स्थान पर पहुंचे, एलन मस्क टॉप पर**

**नई दिल्ली।**

देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के लिए सोमवार का दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहा। शेयर बाजार में भारी गिरावट का असर अडानी ग्रुप के शेयरों पर भी पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबक सोमवार को गौतम अडानी की संपत्ति में 5.06 अरब डॉलर यानी करीब 4,37,71 करोड़ रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई। अडानी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इसके चलते वह दुनिया के अमीरों की सूची में नीचे गिरकर 22वें स्थान पर पहुंच गए। इस साल अब तक उनकी संपत्ति में 12.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से केवल चार की नेटवर्थ में तेजी आई। एलन मस्क 432 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए हैं। सोमवार को उनकी नेटवर्थ में 6.17 अरब डॉलर की तेजी आई। जेफ बेजोस 238 अरब डॉलर के साथ दूसरे, मार्क जकरबर्ग 215 अरब डॉलर के साथ तीसरे, लैरी एलिसन 181 अरब डॉलर चौथे और बर्नार्ड अरनॉल्ट 176 अरब डॉलर के साथ पांचवें नंबर पर बने हुए हैं। इसके बाद लैरी पेज 169 अरब डॉलर, सर्गेई ब्रिन 159 अरब डॉलर, बिल गेट्स 158 अरब डॉलर, स्टीव बालमर 145 अरब डॉलर और वॉरेन बफे 139 अरब डॉलर के नंबर पर है। इस बीच देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में सोमवार को 1.23 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 90.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें स्थान पर हैं।

## कच्चा तेल 80 डॉलर के पार, पेट्रोल-डीजल स्थिर




**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इसी आधार पर देशभर में पेट्रोल-डीजल की कीमत तय की जाती है। हालांकि लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल देखने को नहीं मिला है। हालांकि, राज्य स्तर पर कीमतों में मामूली बदलाव देखा गया है। वै श्विक बाजार में कच्चा तेल 80 डॉलर के पार है। ब्रेंट क्रूड 80.75 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि डब्ल्यूटीआई ऋूड 78.63 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं सरकारी तेल कंपनियों ने मंगलवार को भी सभी महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर ही रखी हैं।




## चालू वित्त वर्ष में देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में अच्छी बढ़ोतरी

**शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.88 फीसदी बढ़कर 16.90 लाख करोड़ तक पहुंच गया**

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष में देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में अच्छी बढ़ोतरी देखी गई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के मुताबिक 12 जनवरी 2025 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.88 फीसदी बढ़कर लगभग 16.90 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें व्यक्तिगत आयकर से जुड़ा गैर-कंपनी कर संग्रह 8.74 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा। इसके साथ ही शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह लगभग 7.68 लाख करोड़ रुपए और प्रतिभूति लेनदेन कर संग्रह 44,538 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। इस अवधि के दौरान 3.74 लाख करोड़ रुपए से अधिक के रिफंड जारी किए गए। यह एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 42.49 प्रतिशत अधिक है। एक अप्रैल से 12 जनवरी के बीच सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 20.64 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 22.07 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसमें 10.20 लाख करोड़ रुपए का कॉरपोरेट कर संग्रह, 11.87 लाख करोड़ रुपए का व्यक्तिगत आयकर और अन्य कर शामिल हैं। नॉन-कॉरपोरेट टैक्स में तेजी देखी गई है। इसमें पर्सनल इनकम टैक्स भी शामिल है। कुल संग्रह बढ़कर 10.45 लाख करोड़ रुपए रहा जो पिछले साल समान अवधि में 8.58 लाख करोड़ रुपए था। इस सेगमेंट में नेट कलेक्शन में 15.88 फीसदी तेजी के साथ 8.74 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया जो पिछले साल 7.19 लाख करोड़ रुपए था। डायरेक्ट टैक्स में कॉरपोरेट टैक्स, पर्सनल इनकम टैक्स, सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स, इक्विलाइजेशन लेवी, फ्रिंज बेनिफिट्स टैक्स, वेल्थ टैक्स, बैंकिंग कैश ट्रांजैक्शन टैक्स, होटल रिसीट टैक्स, इंटरेस्ट टैक्स, एक्सपेंडीचर टैक्स, एस्टेट ड्यूटी और गिफ्ट टैक्स आते हैं।

## क्वाड्रेंट फ्यूचर का शेयर 29 फीसदी तेजी के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।** क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 290 से 29 फीसदी की तेजी के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 28.96 प्रतिशत चढ़कर 374 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ और बाद में 54.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 448.75 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 27.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 370 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1,795 करोड़ रुपये रहा। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड के 290 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) कि पिछले गुरुवार को बोली के अंतिम दिन 185.82 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने आईपीओ के लिए 275-290 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। आईपीओ पूर्णतः 290 करोड़ रुपये तक के नए शेयर का निर्गम था जिसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं थी। क्वाड्रेंट एक शोध कंपनी है, जो भारतीय रेलवे की 'कवच' परियोजना के तहत नई पीढ़ी के ट्रेन नियंत्रक तथा 'सिग्नलिंग सिस्टम' विकसित करती है।

## चीन की हरकत से एप्पल की निर्माण योजनाओं पर बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली ।** एप्पल ने भारत में अपने निर्माण और विस्तार की योजनाओं को आगे बढाने का ऐलान किया जबकि चीन ने एप्पल की निर्यात श्रृंखला को लक्ष्य स्थल बनाते हुए उद्योग पर मुहर लगाने की या चिंता जताने की कोशिश की है। फॉक्सकॉन ने भारत सरकार से मदद मांगी है, जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि चीन इसमें भारत को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की चुनौती दे रहा है। चीन ने एप्पल के लिए जरूरी निर्माण उपकरणों की शिपमेंट में देरी शुरू कर दी है, जिससे उत्पादन को बाधित किया जा सकता है। इससे नए आइफोन मॉडल्स के ट्रायल रन के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। इस मामले पर भारत सरकार सतर्क है और एप्पल की समस्या को हल करने के लिए कार्रवाई करने के लिए कूटनीतिक स्तर पर कदम उठा सकती है।

## दिसंबर 2024 में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर हुई 2.37 प्रतिशत

**- थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति नवंबर 2024 में 1.89 प्रतिशत थी**



**नई दिल्ली ।** विनिर्मित उत्पादों के महंगे होने की वजह से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में बढ़कर 2.37 प्रतिशत हो गई। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट देखी गई है। मंगलवार को सरकारी आंकड़ें जारी किए गए हैं जिनसे यह जानकारी मिली है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर 2024 में 1.89 प्रतिशत थी। दिसंबर 2023 में यह 0.86 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में कम होकर 8.47 प्रतिशत रह गई, जबकि नवंबर में यह 8.63 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति नवंबर में 28.57 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर में 28.65 प्रतिशत रही। आलू की मुद्रास्फीति 93.20 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रही और प्याज की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 16.81 प्रतिशत हो गई। खाद्य पदार्थों में अनाज, दालें, गेहूं की मुद्रास्फीति दिसंबर में कम हुई। ईंधन और बिजली के मामले में बात की जाए तो दिसंबर में मुद्रास्फीति घटकर 3.79 प्रतिशत हो गई जो नवंबर में 5.83 प्रतिशत थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति 2.14 प्रतिशत रही, जबकि नवंबर में यह दो प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में चार महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आ गई।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। इस प्रकार बाजार गत दिवस की बड़ी गिरावट से कुछ हद तक उबर गया। बाजार में आज दूसरे कारोबारी दिन बढ़त का कारण दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होना रहा पर आईटी स्टॉक्स में गिरावट से बाजारों की इस तेजी पर कुछ हद तक अंकुश लग गया। इसके अलावा आर्थिक वृद्धि और तीसरी तिमाही के परिणामों को लेकर भी बाजार पर प्रभाव पड़ा। विदेशी निवेशकों ने जनवरी में अब तक भारतीय शेयरों से 2.75 अरब डॉलर निकाल लिए हैं। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 169 अंक करीब 0.22 फीसदी बढ़कर 76,499.63 पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23,200 के पार तक चला गया था। अंत में यह 90.10 अंक या 0.39 फीसदी की बढ़त लेकर 23,176.05 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 5 फीसदी से ज्यादा ऊपर आकर बंद हुआ। एनटीपीसी, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, एसबीआई, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त पर रहे।




एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर में नौ फीसदी से अधिक की गिरावट आई। टेक महिन्द्रा, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और नेस्ले के शेयर भी नीचे आये।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए थे। डॉव जोंस 0.86 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ, जहां निवेशकों ने कैटरपिलर, जेपी मॉर्गन और यूनाइटेडहेल्थ जैसे गैर-तकनीकी शेयरों पर ध्यान दिया। दूसरी ओर, नैस्डैक 0.38 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि एसएंडपी 500 ने 0.16 फीसदी की हल्की बढ़त दर्ज की।

इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। हालांकि, आईटी स्टॉक्स में गिरावट ने बाजारों में तेजी को सीमित कर दिया। सेंसेक्स हल्की बढ़त के साथ 76,335 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी मजबूती के साथ खुलकर 112.95 अंक चढ़कर 23,198.90 पर कारोबार कर रहा था।

# मेले में ब्रांडिंग का जोर- मार्केटिंग के महाकुंभ में डुबकी लगा रही हैं कंपनियां

**नई दिल्ली।**

महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद जताई जा रही है। 12 साल में एक बार आयोजित होने वाले इस विशाल धार्मिक समागम का फायदा भारतीय कंपनियां अपनी ब्रांडिंग और प्रचार के लिए पूरी तरह से उठाना चाहती हैं। महाकुंभ की ब्रांडिंग में प्रमुख कंपनियों ने अपने बजट का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा शाही स्नानों के इर्द-गिर्द केंद्रित किया है।

कोका-कोला इंडिया के ग्रीष्म सिंह ने कहा कि वे अपने बेवरेज पोर्टफोलियो को स्थानीय स्वादों और खाद्य पदार्थों के साथ जोड़ने की योजना बना रहे हैं। इन विज्ञापनों के माध्यम से कंपनियां न केवल स्थानीय उपभोक्ताओं को आकर्षित करना चाहती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय श्रद्धालुओं को भी अपनी ब्रांडिंग से जोड़ने का अवसर प्राप्त करना चाहती हैं। महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों में ब्रांड्स के लिए यह एक अवसर होता है, जहां वे सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ सकते हैं और उनके साथ अपने रिश्ते को मजबूत कर सकते हैं।

क्रेयॉन्स एडवरटाइजिंग के चेयरमैन कुणाल ललानी ने कहा कि ब्रांड्स का मुख्य उद्देश्य छह शाही स्नानों के दौरान अधिकतम विजिबिलिटी हासिल करना है। इस दौरान महाकुंभ में सोशल मीडिया और इनफ्लूएंसर्स का इस्तेमाल भी किया जाएगा, ताकि कंपनियां अपनी पहुँच और प्रभाव बढ़ा सकें।

इस बार के महाकुंभ में आईटीसी, कोका-कोला, अडानी ग्रुप, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डाबर, बिसलेरी, पार्क, इमामी, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, बैंक ऑफ बड़ौदा, और स्पाइसजेट जैसी प्रमुख कंपनियों ने ब्रांडिंग अधिकार खरीदे हैं। इन कंपनियों ने कुंभ के दौरान अपने उत्पादों की मौजूदगी को बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतियों को अपनाया है, जिसमें नावों, होर्डिंग्स, यूनिपोल्स और लग्जरी टेंट्स पर ब्रांडिंग के अवसर शामिल हैं। आईटीसी के माचिस और अगरबत्ती डिवीजन के डिवीजनल चीफ एग्जीक्यूटिव गौरव तयाल ने बताया कि कंपनी सोशल मीडिया और इनफ्लूएंसर्स के जरिए अपनी ब्रांड विजिबिलिटी बढ़ाने की योजना बना रही है। ब्रांडिंग के लिए 2019 के कुंभ की तुलना में दरें 50-60त्न तक बढ़ चुकी हैं। इसके अलावा, डाबर ने अपने ब्रांड के लिए श्रद्धालुओं के स्नान क्षेत्र में चेंजिंग रूम और हेयर ड्रायर जैसी सुविधाएं प्रदान की हैं, जबकि अडानी ग्रुप ने यूनिपोल्स और गोल्फ कार्ट्स पर ब्रांडिंग की है।

## डिजिटल लेन-देन में तेजी के साथ-साथ लगातार बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के मामले भी

**- भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों को सतर्क रहने की अपील की**

**नई दिल्ली ।**

भारत में डिजिटल लेन-देन के क्षेत्र में तेजी से वृद्धि के साथ-साथ साइबर फ्रॉड के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। जबकि लोग एक तरह के धोखाधड़ी से अवगत हो रहे हैं, तो दूसरी ओर फर्जी ऐप्स के माध्यम से लोगों को धोखा देकर पैसे लूट रहे हैं। यूपीआई के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी के मामलों में तेज़ी आई है। लाखों लोग इस ऐप के जरिए लेनदेन करते हैं, जिससे करोड़ों रुपए के लेन-देन का समापन होता है। भारतीय स्टेट बैंक जैसे विशाल सरकारी बैंक ने ग्राहकों को सतर्क रहने की अपील की है। ऐप स्टोर पर कई फर्जी यूपीआई ऐप्स उपलब्ध हो गए हैं, जिनके माध्यम से साइबर अपराधी लोगों को फर्जी मैसेज भेजकर पैसे लूट रहे हैं। अपराधी आपके बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं, जिसके बाद वे आपको गलती से पैसे भेज दिए हैं का दावा करके पैसे वापस मांगने की कोशिश करते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा होता है, तो सबसे पहले आपको अपने बैंक खाते की स्थिति जांचनी चाहिए। अगर आपके खाते में अप्रत्याशित लेन-देन होता है, तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर कॉल करें और शिकायत दर्ज करें। साइबर अपराधियों को बढ़ती हुई चुनौती का सामना करने के लिए हमें सतर्क और सुरक्षित रहने की जरूरत है।


# ऑस्कर 2025 के दावेदारों में कंगुवा ने बनाई जगह, 323 फिल्मों को दिया टकराव



**दक्षिण** भारतीय स्टार सूर्या और 'एनिमल' फेम बॉबी देओल स्टारर 'कंगुवा' पिछले साल रिलीज हुई थी। इस फिल्म के सिनेमाघरों में पहुंचने से पहले दर्शकों में जबरदस्त क्रेज था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। फिल्म को लाउड साउंड स्कोर और दूसरे एक्टर्स के कम स्क्रीन टाइम के चलते यूजर्स ने सोशल मीडिया पर काफी ट्रॉल किया। हालांकि अब 'कंगुवा' को लेकर एक बहुत अच्छी खबर आ रही है।

सिरुथाई शिवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 'कंगुवा' ने लगभग 323 ग्लोबल फिल्मों को टक्कर देते हुए ऑस्कर 2025 के दावेदारों की लिस्ट में जगह बना ली है। फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयबालन ने एक्स (ट्विटर) पर यह खबर शेयर की है।

उनके ट्वीट में दावेदारों की सूची और सूर्या के पोस्टर के साथ लिखा गया है, ब्रेकिंग कंगुवा ने ऑस्कर 2025 में एंट्री की। जैसे ही यह खबर सामने आई इंटरनेट पर वायरल हो गई। फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।





## क्यों विवादों में आई नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री ?

**अभिनेत्री** नयनतारा की नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल जब से रिलीज हुई है, तब से चर्चा में है। और चर्चा हो रही है इसके कानूनी मुसीबतों में घिरे रहने को लेकर। दरअसल, अपनी रिलीज से दो दिन पहले खुद नयनतारा ने यह खुलासा किया कि धनुष ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। धनुष और नयनतारा आमने-सामने आए और दोनों के बीच कॉपीराइट विवाद खूब उछला। अब कहा जा रहा है कि फिल्म चंद्रमुखी के निर्माताओं ने भी अभिनेत्री को कानूनी नोटिस भेजा है। आखिर क्या है पूरा मामला?

**कैसे हुई विवाद की शुरुआत?**

डॉक्यूमेंट्री नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल 18 नवंबर 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। रिलीज से पहले ही यह कानूनी लड़ाई को लेकर चर्चा में आ गई। दरअसल, इसकी रिलीज से पहले धनुष ने नयनतारा को कानूनी नोटिस भेजा था। धनुष ने आरोप लगाया कि उनकी फिल्म'नयनम राउडी धान' का बीटीएस क्लिप नयनतारा ने बिना इजाजत अपनी डॉक्यूमेंट्री में इस्तेमाल कर लिया। इसके बाद नयनतारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर धनुष के खिलाफ निंदा पोस्ट साझा किया। देखते-देखते दोनों के बीच कानूनी लड़ाई छिड़ गई।

**नयनतारा ने सोशल मीडिया पर लिखा पोस्ट और किया ये दावा**

अभिनेत्री नयनतारा ने 16 नवंबर को यानी अपनी नेटफ्लिक्स फिल्म की रिलीज से दो दिन पहले धनुष द्वारा उनकी डॉक्यूमेंट्री में बीटीएस क्लिप के इस्तेमाल को लेकर कानूनी नोटिस भेजे जाने के बाद एक निंदा पत्र लिखा। उन्होंने दावा किया कि वे और उनके पति विग्नेश 'नयनम राउडी धान' का कंटेंट डॉक्यूमेंट्री में इस्तेमाल करने के लिए धनुष से इजाजत मांगने गए थे, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

रेस की तैयारी के दौरान हुआ हादसा

## अजित कुमार का दुबई में एक्सीडेंट, हवा में उड़े कार के चिथड़े



**कार** रेसिंग के शौकीन अजित कुमार दुबई 24-घंटे की रेस के लिए तैयार होने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने अभिनेता की कार के दुर्घटना का वीडियो शेयर किया है। इस दुर्घटना के दौरान अभिनेता की कार के चिथड़े उड़ गए। हालांकि, बताया जा रहा है कि अभिनेता दुर्घटना में सुरक्षित बच गए हैं।

**दुबई में अजीत कुमार की कार दुर्घटनाग्रस्त**

अजित कुमार 24॥ दुबई 2025 कार रेसिंग में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार थे। रेस से पहले अभिनेता ने रेस ट्रैक पर प्रैक्टिस भी किया। इससे पहले दिन में अभिनेता की टीम ने साझा किया कि वह आज से दुबई में अपना प्रैक्टिस सेशन शुरू करेंगे। हालांकि, यह प्रैक्टिस सेशन उनके लिए जानलेवा हो गया। समय पर अभिनेता को कार से निकाला गया और सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया, जिससे वह बड़े जोखिम से बच गए।

**वायरल हुआ एक्सीडेंट का वीडियो**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे प्रैक्टिस सेशन वीडियो में अभिनेता की कार अचानक कंट्रोल खो देती है और ट्रैक पर ही घूमते हुए नजर आती है। आगे जाकर कार टकरा जाती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे कार के चिथड़े उड़ जाते हैं, लेकिन समय पर अभिनेता को तुरंत कार से बाहर निकाल लिया जाता है। फैंस अभिनेता अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं और उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक अभिनेता या उनकी टीम की तरफ से कोई भी हेल्थ अपडेट साझा नहीं किया गया है।

**दुबई में कार रेसिंग की प्रैक्टिस कर रहे थे अजित**

अजित दुबई में होने वाले 24॥ दुबई 2025 रेस में भाग लेने वाले थे। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ रेस के लिए प्रैक्टिस भी शुरू कर दी थी।






ज्योतिषी ने कर दी भविष्यवाणी...

## ऐश्वर्या-अभिषेक लेंगे तलाक और सोनाक्षी-जहीर होंगे अलग

**हाल** ही में एक ज्योतिषी ने बॉलीवुड के दो मशहूर कपल्स, ऐश्वर्या राय- अभिषेक बच्चन और सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल के रिश्तों को लेकर चौंकाने वाली भविष्यवाणी की है। ज्योतिषी सुशील कुमार सिंह ने दावा किया है कि दोनों जोड़े जल्द ही तलाक ले सकते हैं, जिसके बाद उनके फैंस में हलचल मच गई है। ऐश्वर्या और अभिषेक के तलाक की अफवाहों ने कुछ समय पहले मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी थीं। लेकिन, न्यू ईयर के दौरान परिवार के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट होने के बाद इन अफवाहों का कोई ठोस आधार नहीं मिला। दोनों अभी भी एक साथ हैं। वहीं, सोनाक्षी और जहीर की शादी के बाद एक नया भविष्यवाणी सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि उनके रिश्ते में हिंसा की स्थिति पैदा होगी, जिसके बाद उनका तलाक होगा। द आवारा मुसाफिर पॉडकास्ट में ज्योतिषी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि ऐश्वर्या और अभिषेक का तलाक होना तय है, जबकि सोनाक्षी और जहीर का रिश्ता भी खत्म होगा। सिंह ने यह भी दावा किया कि सोनाक्षी और जहीर का तलाक एक हिंसक बहस के बाद होगा, और यह घटना उनके बच्चे के जन्म के बाद घटित होगी। इस तरह की भविष्यवाणियों ने कपल्स के फैंस को चौंका दिया है और सोशल मीडिया पर लोग इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि, इस तरह की भविष्यवाणियों की सटीकता पर सवाल भी उठ रहे हैं।



## कंगना ने अपनी फिल्म इमरजेंसी में कुछ सीन काटे जाने पर की बात

आगामी फिल्म इमरजेंसी में नजर आने वाली अभिनेत्री कंगना रनौत ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा फिल्म से कुछ अंश हटाने के आदेश पर प्रतिक्रिया दी।

अभिनेत्री ने बात करते हुए बताया कि एक निर्देशक के तौर पर वह मूल कथानक वाली फिल्म ही चाहती थीं। हालांकि, वह सीबीएफसी के फैसले को स्वीकार करती हैं। कंगना ने कहा कि मैं चाहती थी कि इसका पूरा संस्करण आए। लेकिन कट के साथ कोई समस्या नहीं है, क्योंकि ऐसा नहीं है कि फिल्म किसी का मजाक उड़ाने के लिए बनाई गई है।



## राम चरण ने दुर्घटना में मारे गए फैंस के परिवारों को 10 लाख रुपये की मदद दी

**गेम** चेंजर के प्री-रिलीज़ इवेंट का आयोजन 4 जनवरी को राजमहेंद्रववरम में हुआ, जिसमें आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यहां दुख की बात यह है कि दो फैंस–जो काकीनाडा जिले के गैगोलुपाडू के निवासी थे, इवेंट से घर लौटते वक्त एक दुर्घटना का शिकार हो गए। उनकी बाइक को एक वैन ने वाडीसलेरू के पास टक्कर मारी, जिससे दोनों की असमय मौत हो गई। इस घटना से गहरे दुखी राम चरण ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। घटना की जानकारी मिलते ही, उन्होंने तुरंत अपनी टीम को परिवारों को सांत्वना देने के लिए भेजा। इसके साथ ही, उन्होंने दोनों परिवारों को प्रत्येक को 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की, ताकि इस कठिन समय में उनकी मदद हो सके। राम चरण की यह दयालु भावना उनके प्रशंसकों द्वारा सराही गई है, जो उनकी अपने समर्थकों के प्रति चिंता और प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

## बेबी जॉन हुई फ्लॉप तो वरुण धवन के सपोर्ट में उतरे राजपाल यादव

वरुण धवन का करियर पिछले कुछ सालों से डांवाडोल ही चल रहा है। एक हिट की तलाश में अभिनेता ने पिछले साल क्रिसमस के मौके पर एक बड़ा दांव खेला और बेबी जॉन के साथ अपने करियर को संजीवनी देने की कोशिश की।

हालांकि, वरुण का यह प्रयास भी असफल ही रहा है। अब हाल ही में, अभिनेता राजपाल यादव ने बताया है कि बेबी जॉन के खराब प्रदर्शन ने वरुण धवन को कैसे प्रभावित किया।

**वरुण के अभिनय के मुरीद हुए अभिनेता:** राजपाल यादव ने हाल ही में बॉलीवुड बबल के साथ एक साक्षात्कार में वरुण धवन और एटली के बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस पर खुलकर बात की है। अभिनेता ने कहा, वरुण सच में एक मेहनती इंसान हैं। उन्होंने हमेशा इंडस्ट्री में टाइप कास्टिंग से बचने की कोशिश की है। इसलिए उन्होंने हमेशा अलग-अलग भूमिकाओं की फिल्में की हैं। यही नहीं, उनके अभिनय की दर्शक भी काफी प्रशंसा करते हैं। मुझे लगता है कि वह एक अच्छे अभिनेता हैं, जो चैलेंजिंग रोल्स करना पसंद करते हैं।

**शाहरुख खान से की वरुण की तुलना:** शाहरुख से वरुण की तुलना करते हुए राजपाल यादव ने कहा, मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में जैसे शाहरुख खान की जर्नी रही है। वैसी ही वरुण धवन की भी रही है।

दोनों ने चैलेंजिंग रोल्स को काफी आराम से किया है। दोनों ने ही अलग-अलग भूमिकाओं के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। दोनों का करियर भी समान है और मुझे लगता है कि वरुण जल्द ही फिर से उभरेंगे और स्क्रीन पर दमदार वापसी करेंगे।

**बॉलीवुड में है बदलाव की जरूरत:** इससे पहले वरुण धवन ने भी रणवीर इलाहाबादी के साथ एक साक्षात्कार में कहा था कि बॉलीवुड में अब बदलाव की जरूरत है।

यही नहीं, उन्होंने सलमान खान और शाहरुख खान जैसे सितारों की भी तारीफ की और कहा कि वे जमीन से जुड़े हैं और उन्हें पता है कि इंडस्ट्री में क्या बदलाव हो रहे हैं। यही नहीं, वरुण ने यह भी बताया कि अब नए लोगों के लिए बॉलीवुड काफी चैलेंजिंग हो गया है।

### इन सितारों से सजी है फिल्म:

बात करें बेबी जॉन की तो यह फिल्म वरुण के करियर में बड़ी फ्लॉप साबित हुई है। फिल्म अपने बजट जितना भी नहीं कमा सकी है। फिल्म में वरुण के अलावा कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी मुख्य भूमिका में हैं।



## एकता कपूर ने गैर-पेशेवर अभिनेताओं पर साधा निशाना, निर्माता ने कहा- जब तक मैं बोलती हूं...

**निर्माता** एकता कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट की। इस पोस्ट में एकता ने हाल ही में साक्षात्कारों में उनके शो के बारे में गलत जानकारी देने के लिए गैर-पेशेवर अभिनेताओं पर कटाक्ष किया। दरअसल, हाल ही में अभिनेता राम कपूर ने एक इंटरव्यू में एकता के एक शो के बारे में बात की थी।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एकता कपूर ने लिखा, मेरे शो के बारे में इंटरव्यू देने वाले गैर-पेशेवर अभिनेताओं को चुप रहना चाहिए! झूठी जानकारी और गलत कहानियां। यह केवल तब तक चल सकती हैं जब तक मैं बोलती हूं...लेकिन चुप्पी में गरिमा होती है। हालांकि एकता ने किसी अभिनेता का नाम नहीं लिया, लेकिन रेडिट यूजर्स ने अनुमान लगाया कि उनकी टिप्पणी राम कपूर के बारे में थी। यह अटकलें तब शुरू हुई जब उन्होंने हाल ही में कहा कि वह बड़े अच्छे लगते हैं में साक्षी तंवर को किस करने हिचकिचा रहे थे, उन्होंने दावा किया कि इससे धारावाहिक की टीआरपी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।



## जैकी श्रॉफ ने खुद को खुली किताब बताया, अलग-अलग किरदार निभाने के बारे में खुलकर बात की

**भारतीय** सिनेमा के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक जैकी श्रॉफ ने दशकों तक एक शानदार करियर बनाया है। अपनी पूरी फ़िल्मोग्राफी में, दिग्गज स्टार ने कभी भी अलग-अलग किरदार निभाने और अपने हुनर को समृद्ध बनाने से परहेज़ नहीं किया। चाहे मुख्य युवा, दोस्त, गुस्सैल युवक या ग्रे रोल निभाना हो, जैकी श्रॉफ ने खुद को एक बहुमुखी पावरहाउस कलाकार के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में, बेबी जॉन अभिनेता ने विभिन्न किरदार निभाने के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे वह फिल्म निर्माताओं को अपने किरदारों के इर्द-गिर्द एक छवि बनाने देते हैं।

इस बारे में बात करते हुए जैकी श्रॉफ ने कहा, मैं एक खुली किताब हूं और काम करता रहता हूं। मैं एक अभिनेता हूं; मैं नए किरदारों की खोज करता रहता हूं, चाहे वह बेबी जॉन हो या कोई और फिल्म। मैं खुद को निर्देशक की दृष्टि और कैमरामैन और तकनीशियनों की क्षमता पर छोड़ देता हूं।